

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 22 सितंबर 2025
संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 15 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 17 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ नवरात्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक तादात्य
कार्तिक-अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा'... ◀◀ 6

## शारदीय नवरात्र: पहला दिन



### शैलपुत्री

**शारदीय** नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। वे पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं और वृषभ (बैल) पर सवार होती हैं। माता के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। उनकी पूजा से कष्टों से मुक्ति मिलती है और मूलाधार चक्र जागृत होता है, जिससे मानसिक शांति मिलती है।

**मां शैलपुत्री का स्वरूप**

**सवारी:** वृषभ (बैल) पर सवार होने के कारण उन्हें वृषभारूढ़ा भी कहते हैं।

**रूप:** शांत, सुशील, सरल और दया से पूर्ण।

पहनावा: श्वेत रंग के वस्त्र धारण करती हैं।

अस्त्र: दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है।

**पूजन विधि**

**स्थापना:** चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर मां शैलपुत्री की तस्वीर स्थापित करें।

**कलश स्थापना:** कलश में पानी और गंगाजल मिलाकर, आम के पत्ते और एक नारियल स्थापित करें।

**मंत्र जाप:** 'ॐ शं शैलपुत्र्यै नमः' या 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाय विच्चे ॐ शैलपुत्री देव्यै नमः' मंत्र का जाप करें।

**भोग: सफेद रंग की मिठाई या खीर का भोग लगाएं।**

**प्रार्थना:** मां से मनोकामना व्यक्त करें और उनकी आरती करें।

मां शैलपुत्री की कथा: यह माता सती का पुनर्जन्म है, जिन्होंने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में शिवजी का अपमान सहन न कर पाने के कारण आत्मदाह कर लिया था। अगले जन्म में वे हिमालय की पुत्री बनकर शैलपुत्री कहलाईं और कठिन तपस्या के बाद शिवजी को पुनः प्राप्त किया।

# आपसी विवाद में पत्नी ने की पति की हत्या, गिरफ्तार




संवाददाता

**जामताड़ा:** जिले में एक पत्नी ने अपने ही पति की चाकू मार कर हत्या कर दी। यह मामला मिहिजाम थाना क्षेत्र के पाइपलाइन के पास रविवार रात का है। घटना की सूचना पाकर मिहिजाम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मौके से पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार लिया। मृतक की पहचान महावीर यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि महावीर यादव एक ट्रक ड्राइवर थे और उन्होंने काजल देवी से प्रेम विवाह किया था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। घटना की रात भी दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान बात इतनी बढ़ गई कि पत्नी ने अपने पति की छाती पर चाकू घोंप दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मिहिजाम पुलिस मौके पर पहुंची और काजल देवी (पत्नी) को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने मौके से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## जंगली हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला

**लोहरदगा:** कुड्डु थाना छेत्र के जिंगी पंचायत अंतर्गत तान निवासी सीताराम उरांव को रात में जंगली हाथियों के झुंड ने कुचल कर मार दिया। सीताराम की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी।

## चेक डैम में डूबने से दो भाइयों की मौत, पसरा मातम



**हजारीबाग:** जिले के बरही में दिल दहलाने वाली घटना घटी है। जहां दो चचेरे भाई की मौत चेक डैम में डूबने से हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम सा माहौल है। बताया जाता है कि रविवार को गांव के बच्चे खेलते-खेलते चेक डैम तक पहुंच गए, जिसमें दो भाई डैम में डूब गए और उनकी मौत हो गई।

यह घटना दुलमाहा पंचायत के सिंहपुर ओरिया गांव की है। मृतक की पहचान सात वर्षीय कुश कुमार और पांच वर्षीय श्रेयांश कुमार के रूप में हुई है। दोनों चचेरे भाई थे और एक ही परिवार से थे। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। चेकडैम पर मौजूद अन्य दो बच्चों ने जैसे-तैसे शोर मचाकर ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और दोनों बच्चों को बाहर निकालकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मौके पर पहुंचे बरही विधायकः घटना की सूचना पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा नेता गणेश यादव, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, संजय यादव और अन्य प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इधर, पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और शवों का पोस्टमार्टम कराया।

विधायक मनोज यादव ने कहा कि बहुत ही दुखद घटना है। जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इस घड़ी में मैं उनके परिवार के साथ खड़ा हूं। वहीं, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दो बच्चे की चेकडैम में डूबने से मौत हो गई है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना को लेकर मामला दर्ज किया गया है और छानबीन की जा रही है।

## पीएम मोदी ने देशवासियों को दीं नवरात्र की शुभकामनाएं




संवाददाता

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नवरात्र के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आध्यात्मिक और राष्ट्रीय ऊर्जा को नई ऊर्जा प्रदान करने का पर्व है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा ह्लसभी को नवरात्र की अनंत शुभकामनाएं। भक्ति, साहस, संयम और संकल्प से परिपूर्ण यह पावन पर्व सभी के जीवन में नयी शक्ति और आत्मविश्वास लेकर आए। जय माता दी! पीएम मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में स्वदेशी आंदोलन को और बल मिलेगा प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार नवरात्र का पावन अवसर बहुत खास है। जीएसटी बचत उत्सव के साथ-साथ, इस दौरान स्वदेशी के मंत्र को भी नयी ऊर्जा मिलने वाली है। आइए, हम सब मिलकर एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

प्रधानमंत्री ने नवरात्रि के पहले दिन देवी शैलपुत्री की भी पूजा-अर्चना की। उन्होंने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा आज नवरात्र के दौरान मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष अवसर है। मैं प्रार्थना करता हूं कि देवी मां के प्रेम और आशीर्वाद से सभी का जीवन समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो, गौरतलब है कि नौ दिनों की अवधि वाला नवरात्र त्योहार पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और देवी दुर्गा के नौ रूपों का सम्मान करता है।

## सोमालिया जा रही चावल-चीनी से लदी नाव में लगी भीषण आग, मची अफरा- तफरी

### काबू पाने के लिए समुद्र के बीच ले जाया गया



**पोरबंदर :** गुजरात के पोरबंदर में सुभाषनगर जेट्टी पर सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब वहां लंगर डालकर खड़ी एक मालवाहक नाव में भीषण आग लग गई। नाव में चावल और चीनी की बोरियां लदी हुई थीं, जिस कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। जानकारी के अनुसार, यह नाव जामनगर स्थित एचआरएम एंड संस कंपनी की है और सोमालिया के बोसासो बंदरगाह के लिए रवाना होने वाली थी। नाव में चावल जैसा ज्वलनशील सामान भरा होने के कारण आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं।

खतरे को भांपते हुए और बंदरगाह को किसी बड़े नुकसान से बचाने के लिए अधिकारियों ने एक साहसिक कदम उठाया। उन्होंने तुरंत नाव को रस्सियों की मदद से खींचकर समुद्र के बीच में पहुंचा दिया ताकि आग पर काबू पाने की प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से अंजाम दिया जा सके और आग दूसरी नावों या जेट्टी तक न फैले।

फिलहाल, दमकलकर्मी समुद्र के बीच में नाव पर लगी आग को बुझाने के चुनौतीपूर्ण कार्य में जुटे हुए हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और घटना में हुए नुकसान का आकलन आग बुझने के बाद ही किया जा सकेगा।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक नक्सली ढेर



**नारायणपुर:** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच सोमवार को हुए मुठभेड़ में अब तक एक नक्सली मारा गया है। वहीं सुरक्षाबलों ने हथियारों और नक्सल सामग्री सहित कई महत्वपूर्ण सामग्रियों को घटनास्थल से बरामद किया है। इलाके में रुक रुक कर फायरिंग जारी है। पुलिस ने मुठभेड़ खत्म होने और जवानों की सकुशल वापसी के बाद जानकारी साझा किए जाने की बात कही है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुरिया ने यूनीवार्ता को बताया, घने वन क्षेत्र में हुई इस ऑपरेशन में हमारे जवानों ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई की है। एक नक्सली के शव के अलावा हमें उनके हथियार और दस्तावेज भी मिले हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है और स्थिति की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा स्रोतों के अनुसार, यह मुठभेड़ अबूझमाड़ क्षेत्र के घने जंगलों में हुई जहा नक्सलियों की मौजूदगी की ठोस आसूचना थी। ऑपरेशन में शामिल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक टुकड़ी, डीआरजी और स्थानीय पुलिस ने माओवादियों के भारी गोलीबारी शुरू की जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा के और सख्त इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पूरी तरह से सफलता हासिल होने के बाद ही ऑपरेशन को समाप्त घोषित किया जाएगा। राज्य सरकार ने हाल के दिनों में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज किया है, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी कई मुठभेड़ें हुई हैं। यह घटना राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे सतत संघर्ष का एक हिस्सा है, जहां सुरक्षाबल लगातार सक्रिय हैं और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं।

### पाकिस्तानी सेना का अपने ही नागरिकों पर कहर


## आधी रात को लड़ाकू विमानों से बरसाया बम, 30 की मौत

**पेशावर :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार देर रात एक भयावह घटना में पाकिस्तानी सेना पर अपने ही नागरिकों पर हवाई हमला करने का आरोप लगा है। तिराह घाटी के मत्रे दारा गांव में सोते हुए लोगों पर लड़ाकू विमानों से की गई बमबारी में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह दिल दहला देने वाली घटना रविवार रात करीब दो बजे हुई, जब गांव के सभी लोग अपने घरों में गहरी नींद में सो रहे थे। तभी अचानक पाकिस्तानी सेना के खत्र्17 लड़ाकू विमानों ने गांव पर बम बरसाने शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि विमानों से 8 एलएस -6 बम गिराए गए, जिससे पूरा इलाका थर्रा उठा। धमाकों के बाद कई घर ढह गए और सोते हुए लोग मलबे के नीचे जिंदा दफन हो गए।

हमले के बाद पूरा गांव चीख-पुकार और मातम में डूब गया। चारों तरफ तबाही का मंजर था और कई घर मलबे के ढेर में तब्दील हो चुके थे। घटना के 10 घंटे बाद, सोमवार दोपहर तक भी स्थानीय लोग और बचाव दल मलबे से शवों को निकालने के काम में जुटे हुए थे। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मलबे में अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है, जिसके चलते मृतकों की संख्या और बढ़ने का डर बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर नागरिकों के घरों को निशाना बनाया।

# बंद घर में मां की लाश के साथ कई दिन अकेला रहा 2 साल का बच्चा



**बीजिंग/एजेंसी:** चीन के झेजियांग प्रांत के वेंझोउ के कैंगनान काउंटी में एक बेहद दुखद और साथ ही साहसिक घटना सामने आई है। यहाँ एक दो साल का बच्चा अपनी मां की मौत के बाद कई दिनों तक अकेला उसकी लाश के साथ रहा। बच्चे की मां झेंग यू अपने घर में मृत पाई गई। उसका बेटा घर में अकेला रह गया और अपने तरीके से जीवन बचाने की कोशिश करता रहा। घर अस्त-व्यस्त था और बच्चे ने केवल वही खाया जो उसके आसपास उपलब्ध था। फ्रिज में रखा कद्दू, जेली और स्नैक्स उसकी जीवित रहने की साधन बने।

जब पुलिस मौके पर पहुंची, बच्चा गंदे डायपर और हाफ शर्ट में पाया गया। एक पड़ोसी ने उसे तुरंत अपनी गोद में उठाया, बाथरूम में साफ किया और अस्पताल ले जाकर उसकी देखभाल शुरू की। बच्चे ने अपनी उम्र के हिसाब से अद्भुत साहस दिखाया और कठिन परिस्थितियों में जीवित रहा। झेंग एक सिंगल पेरेंट थीं। उनका जीवन कई चुनौतियों और कठिनाइयों से भरा था। उनके माता-पिता दोनों ही बौद्धिक विकलांग थे और कल्याणकारी सहायता पर निर्भर थे। झेंग और उसकी बहन की परवरिश उनकी दादी ने की थी।

झेंग के परिवार को संदेह है कि उनकी मृत्यु अचानक हुई बीमारी के कारण हुई। झेंग की तीन संतानें थीं। बाकी दो बच्चों की देखभाल उनके पिता कर रहे हैं। झेंग ने बेटे के पिता से ऑनलाइन मुलाकात की थी, लेकिन 2023 में बेटे के जन्म के बाद दोनों अलग हो गए। उन्होंने अपनी शादी कभी आधिकारिक रूप से पंजीकृत नहीं कराई और बेटे के पिता को ऑनलाइन ब्लॉक कर दिया था। आखिरी बातचीत फरवरी 2025 में हुई थी।बच्चे ने इस कठिन परिस्थिति में अपने तरीके से जीवन को बचाया और यह घटना दुनिया भर में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। कई लोगों ने बच्चे की साहसिकता और आत्मनिर्भरता की सराहना की है।

### एअर इंडिया प्लेन क्रैश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

## रिपोर्ट में पायलटों को दोष देना बताया गैर-जिम्मेदाराना

**नई दिल्ली:** 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलू, जिनमें पायलटों की ओर से चूक का संकेत मिलता है गैरजिम्मेदाराना थे। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने की है।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस याचिका में प्लेन क्रैश की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 12 जुलाई को जारी विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलुओं पर ध्यान दिया। एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद गठित जांच पैनल में तीन सदस्य विमानन नियामक से थे और इसमें हितों के टकराव का मुद्दा शामिल हो सकता है। उन्होंने विमान के उड़ान डेटा रिकॉर्डर से जानकारी जारी करने की मांग की, जिससे दुर्घटना के कारण का पता चल सके। दुर्घटना पर अंतिम रिपोर्ट की वकालत करने वाली पीठ ने कहा कि इस मामले में गोपनीयता और निजता व गरिमा के पहलू शामिल हैं। इस बात के प्रति आगाह करते हुए कि विशेष प्रकार की सूचना जारी करने का प्रतिद्वंद्वी एयरलाइनों की ओर से फायदा उठाया जा सकता है। पीठ ने कहा कि वह केवल दुर्घटना की स्वतंत्र, निष्पक्ष, स्वतंत्र और शीघ्र जांच के सीमित पहलू पर ही नोटिस जारी कर रही है। यह याचिका कैप्टन अमित सिंह के नेतृत्व वाले विमानन सुरक्षा एनजीओ की ओर से दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि आधिकारिक जांच नागरिकों के जीवन, समानता और सच्ची जानकारी तक पहुंच के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है।

याचिका में कहा गया है कि एएआईबी ने 12 जुलाई को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की। इसमें दुर्घटना के लिए ईंधन कटऑफ स्विच को रन से कटऑफ में स्थानांतरित करने को जिम्मेदार ठहराया गया। यह प्रभावी रूप से पायलट की गलती का संकेत देता है। इसमें आरोप लगाया गया है कि रिपोर्ट में महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाया गया। इसमें पूर्ण डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) आउटपुट, टाइम स्टैम्प के साथ पूर्ण कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) ट्रांसक्रिप्ट और इलेक्ट्रॉनिक एयरक्राफ्ट फॉल्ट रिकॉर्डिंग (ईएएफआर) डेटा शामिल हैं।

न्यूज IN ब्रीफ



## अवैध बालू का कारोबार जारी,दो ट्रैक्टर पकड़ाया

**सिल्ली:** सिल्ली पुलिस ने बताया कि अहले सुबह अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर को पकड़ा गया है । उक्त दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। बताया जाता है कि पुलिस गश्ती में थी इस दौरान राढू नदी का पतराहातु बड़ाईक टांड स्थित बालू घाट से दोनों ट्रेक्टर अवैध बालू लादकर सिल्ली की ओर आ रहा की पुलिस की नजर पड़ी और पकड़ा गया। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया की पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की प्रक्रिया किया जा रहा है। बताया जाता है कि पकड़े गए ट्रैक्टरों में एक का मालिक पतराहातु निवासी भोला और दूसरा ट्रेक्टर का मालिक जोन्हा निवासी करमा रजवार है। मालूम हो कि एनजीटी का 15 अक्टूबर तक नदी से बालू उठाव पर रोक के बाबजूद बालू माफिया नदी से बालू का उठाव और ढूलाई करने में बाज नही आ रहे है।

## यात्री बस व बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल



**खूंटी:** तोरपा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रविवार को कारो नदी पर बने पुलिया पर हुआ। बताया जा रहा है कि यह घटना दोपहर करीब तीन बजे तब हुई जब सिमडेगा से रांची जा रही एक मंत्री नामक यात्री बस और एक बाइक के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार 30 वर्षीय जयमसीह बारला की मौके पर ही मौत हो गई। वह गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के हाफु कजरा गांव का निवासी था।

वहीं, बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति मंगल उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगल खूंटी जिले के चलागी गांव का रहने वाला है। दोनों ही चलागी में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मंगल, जयमसीह को उसके घर हाफु कजरा छोड़ने जा रहा था। रास्ते में एक ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक का सामने से आ रही बस से सीधा टकराव हो गया। घटना की सूचना मिलते ही तोरपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया और घायल मंगल उरांव को 108 एंबुलेंस की मदद से तुरंत उपचार के लिए भेजवाया। चिकित्सकों द्वारा शुरूआती उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बाइक और बस को जब्त कर लिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**चतरा:** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के संरक्षक पंकज प्रजापति के निवास स्थान पर रविवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिले में हमारे समाज के लिए अनेक सामाजिक कार्यक्रम एवं प्रोग्राम तैयार किया गया है। जिससे हमारे समाज को इसका लाभ मिलेगा। संरक्षक पंकज प्रजापति ने कहा कि हम अपने समाज को राजनीतिक क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला मीडिया प्रभारी पप्पू कुमार प्रजापति के द्वारा बताया गया कि चतरा जिले के प्रजापति समाज के जनसंख्या का डाटा तैयार करने हेतु एक पोर्टल तैयार की गई है। सभी प्रखंडों में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पोर्टल में डाटा एंट्री का कार्य प्रारंभ कर दी जाएगी।तत्पश्चात 12 प्रखंड में प्रत्येक माह को एक बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में जिला के सभी अधिकारीगण उपस्थित होंगे। उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति के द्वारा बताया गया कि हम समाज को मजबूत बनाने हेतु अपने स्तर से सारे प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष रंजीत प्रजापति, गिद्धौर प्रखंड राजेश प्रजापति, मयूरहण्ड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश प्रजापति एवं सभी प्रखंड के पदाधिकारीगण, विधायक प्रतिनिधि अभिनंदन प्रजापति एवं जिला कोषाध्यक्ष उमेश प्रजापति, अध्यक्ष जगदीश प्रजापति, सचिव भैरव प्रजापति, इटखोरी प्रखंड के राजेश प्रजापति, आदित्य प्रजापति, हंटरगंज प्रखंड से विजय, अशोक, हरीश, कौशल, चतरा नगर से जितेंद्र, विकास, रामचंद्र, चंदन तथा समाज के दर्जनों बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

## हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में लगाया गया विधिक सशक्तिकरण शिविर

**चतरा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में रविवार को सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा व्यवहार न्यायालय के एडीजे रणधीर कुमार सिंह और जिला विधिक सेवा प्राधिकार छात्र के सचिव तारकेश्वर दास शामिल हुए। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, बीडीओ निखिल गौरव कमान कक्षप, सीओ रितिक कुमार, झारखंड राज्य कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक कौशलेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए।

# दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक, दिए गए कई निर्देश

**संवाददाता**



**चतरा:** लावालौंग थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ विपीन कुमार भारती ने किया।मौके पर इंस्पेक्टर सनोज चौधरी,थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा एवं एसआई वाजिद अली समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।दुर्गा पूजा के विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए विपिन कुमार भारती ने कहा की पूजा पंडालों से लेकर जुलूस तक में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था हर हाल में किया जाना चाहिए।वहीं पंडालों के चारों तरफ एवं विसर्जन स्थल पर भी लाइट की संपूर्ण व्यवस्था कमेटी सुनिश्चित करे।महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला वॉलिंटियर को नियुक्त किया जाए।वहीं किसी तरह की आगजनी से बचने के लिए अग्निशामक यंत्र और बाल्टी में बालू भरकर व्यवस्थित तरीके से रखा जाए।गांव एवं गली मोहल्ले की सफाई का विशेष ख्याल रखें।एवं अनावश्यक तरीके से सड़कों पर पानी न बहाएं।आगे उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थल के तालाबों में बांस का बेरिकेडींग लगाया जाए ताकि किसी के साथ कोई अनहोनी ना हो।वही समय पर हर हाल में प्रतिभा का विसर्जन हो जाना चाहिए।आगे उन्होंने कहा कि विसर्जन के दिन अगर वाहन चालक नशे में पाया गया तो चालक से लेकर मालिक तक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही उन्होंने अध्यक्ष एवं सचिव को निर्देश दिया की पूजा पंडालों एवं जुलूस में बैनर छपवाकर प्रखंड प्रशासन का पद नाम और मोबाइल नंबर को फ्लैस करें।साथ ही स्थानीय गोताखोरों का नाम नंबर भी हमें मुहैया कराएँ ताकि आपातकाल में सहायता पहुंचाया जा सके। कलश यात्रा एवं विसर्जन का मॉनिटरिंग के लिए दस से पंद्रह वालंटियर को कड़े निर्देश के साथ तैनात किया जाए।वहीं विसर्जन के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी भी धर्म या समुदाय को आत्मीय ठेस पहुंचे।लोगों को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर ने कहा कि जुलूस निकालने के बाद लोग नियंत्रण में नहीं रह जाते हैं इस पर समिति को विशेष रूप से जिम्मेवारी लेनी होगी।बाद में प्रशासन के द्वारा यह नहीं सुना जाएगा कि हम बोलते रह गए लेकिन लोग बात नहीं माने।वहीं अगर पूजा के अतिरिक्त कार्यक्रम हो तो उसकी जानकारी भी प्रशासन को मुहैया कराएँ।शराब,आग उगलने वाले खतरनाक स्टंट जैसे चीजों पर पूर्णतया पाबंद रहेगा।बैठक में मौके पर मुखिया अमित चौबे, राजेश साव,नेमन भारती, जगदीश यादव,संतोष राम,बीस सूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोगता, बाबूलाल यादव,जितेंद्र ठाकुर,खीरू प्रजापति,घनश्याम सिंह,आदित्य प्रसाद केसरी, त्रिवेणी रजक,अरुण रजक, मुकेश यादव,प्रमोद कुमार, खगेश्वर साहू,उगन साहू,होरील साहू,प्रवीण सिन्हा,प्रदीप साहू, अनिल सिंह,शंकर मिस्त्री,कुंवर सिंह,राजेंद्र सिंह,डेगन साहू,समेत सैकड़ो लोगो उपस्थित थे।

# उत्तम यादव एनकाउंटर मामले में हजारीबाग एसटीएफ ने सिमरिया थाना में दर्ज कराया मामला

**संवाददाता**



**चतरा:** पुलिस एनकाउंटर में मारा गया चतरा का अपराधी उत्तम यादव मुठभेड़ मामले में घटना के दूसरे दिन हजारीबाग एसटीएफ ने सिमरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई। सिमरिया थाना कांड संख्या 162/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में बताया गया है कि एसटीएफ व अपराधी के बीच हुए एनकाउंटर में जबाबी कार्रवाई में अपराधी उत्तम यादव मारा गया है। घटना स्थल के पास से उत्तम यादव का एक अपाची मोटरसाइकिल व एक लोडेड पिस्टल भी बरामद किया गया है। बताते चले कि शनिवार की शाम जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बगरा जबड़ा रोड पर हुई एनकाउंटर में चतरा शहर के सुरही मोहल्ला निवासी कन्हाई यादव का 25 वर्षीय पुत्र उत्तम यादव मारा गया था। उत्तम यादव का नाम पिछले कुछ वर्षों से एक गैंगस्टर के रूप में अपराध जगत में तेजी से फैला था। हजारीबाग शहर में 20 जून को श्री ज्वेलर्स नामक आभूषण की दुकान पर उत्तम यादव के गुर्गो ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। घटना के दूसरे दिन 21 जून को उत्तम यादव ने हाथ में हथियार लेकर एक विडियो जारी किया था, जिसमें उत्तम यादव ने गोलीबारी की जिम्मेवारी लेते हुए चतरा व हजारीबाग के व्यवसाईयों को रंगदारी देने तथा बगैर रंगदारी दिए कोई भी व्यवसाई शुरू नहीं करने की धमकी दी थी। इस विडियो फुटेज के बाद से उत्तम यादव झारखंड पुलिस के लिए वांटेड बन गया था। पुलिस उत्तम की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी अभियान चला रही थी। इसी क्रम में हजारीबाग एसटीएफ को सूचना मिली कि अपराधी उत्तम यादव चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम ने उत्तम यादव को मार गिराया। तीन चिकित्सकों की टीम ने शव का किया पोस्टमार्टमः शनिवार की देर शाम उत्तम यादव का शव चतरा सदर अस्पताल में लाया गया था। रात हो जाने के कारण रविवार की अहले सुबह शव का पोस्टमार्टम किया गया। दंडाधिकारी की उपस्थिति में तीन चिकित्सकों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। जानकारी के अनुसार उत्तम यादव को तीन गोली लगी थी। जिसमें एक गोली सीने में, दूसरा पेट में तथा तीसरा गोली दाहिने पैर के जांघ में लगी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। शव लेने के लिए मृतक के पिता और भाई पहुंचे थे।

पूरे मामले में चतरा पुलिस ने साधे रखी चुप्पीः उत्तम यादव एनकाउंटर मामले में घटना के बाद चतरा पुलिस पुरी तरह से चुप्पी साधे रही। जिले के एसपी सुमित कुमार अग्रवाल इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते रहे। आपको जानकार आश्चर्य होगा कि जब सदर अस्पताल में उत्तम यादव का शव रखे एक घंटे हो चुके थे,तब भी चतरा एसपी बताते हैं कहकर फोन रख दे रहे थे। कई मीडिया कर्मियों का तो उन्होंने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा।

जेन जी आंदोलन के बाद नेपाल छोड़ कर चतरा आया था उत्तम : सूत्र बताते हैं बिहार सरकार के द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किए जाने के बाद उत्तम यादव नेपाल में शरण लिए हुए था। नेपाल से ही वह गिरोह का संचालन कर रहा था। लेकिन पिछले दिनों नेपाल में जेन जी के आंदोलन के बाद नेपाल में हुई घटना के बाद उत्तम यादव नेपाल छोड़ कर चतरा पहुंचा था। वह चतरा में लुक छीप कर रह रहा था।

## एयरटेल के खराब नेटवर्क से जनता में आक्रोश उपप्रमुख ने दी आंदोलन की चेतावनी



**मुरहू:** प्रखंड में एयरटेल के नेटवर्क की लगातार खराब स्थिति ने आम जनजीवन और प्रशासनिक कार्यों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस समस्या के निराकरण को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है, जिसके चलते अब उपप्रमुख ने कंपनी के खिलाफ व्यापक आंदोलन की चेतावनी तक दे डाली है।

जानकारी के अनुसार, एयरटेल कंपनी द्वारा 5जी सेवाओं का दावा किया जाता है, लेकिन इस क्षेत्र के निवासी महीनों से केवल अत्यंत दुर्बल 3जी और 4जी नेटवर्क सेवाओं पर निर्भर हैं। इसकी वजह से न केवल आम नागरिकों को दैनिक संचार में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि प्रखंड कार्यालय सहित अन्य सरकारी दफ्तरों का कामकाज भी पूरी तरह से बाधित हो गया है। ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल लेन-देन और जरूरी सूचनाओं के आदान-प्रदान में गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। मुरहु के उपप्रमुख अरुण साबू ने इस मामले पर गहरी नाराजगी जताते हुए बताया कि उन्होंने इस संबंध में स्थानीय एयरटेल डीलर और नेटवर्क अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा, एयरटेल द्वारा जनता से लिया जाने वाला मासिक और वार्षिक शुल्क, बदले में सेवा न मिलने की स्थिति में, एक प्रकार का गबन ही है। ग्रामीणों के बीच बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अब स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर जिला उपायुक्त को एक सामूहिक ज्ञापन देने और यदि आवश्यकता पड़ी तो एयरटेल टावर को बंद करवाने का निर्णय लिया है। श्री साबू ने एक स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही नेटवर्क सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो जनता को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी उग्र विरोध प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी एयरटेल कंपनी और संबंधित अधिकारियों की होगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अब यह देखना होगा कि एयरटेल प्रशासन इस जन-समस्या के समाधान के लिए कितनी गंभीरता दिखाता है।

## पत्थलगडा.में विधिक सेवा प्राधिकरण का एक दिवसीय सशक्तिकरण शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम



**चतरा:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा के निर्देश पर रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में एक दिवसीय कानूनी सशक्तिकरण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पूर्णेन्दु शर्मा ने की, जबकि संचालन अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उदल राम ने किया।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और विधिक सहायता से अवगत कराना था। इस दौरान लाभार्थियों को कानूनी परामर्श दिया गया और पात्रों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया गया। अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत, बरवाडीह मुखिया संदीप सुमन, नोनगांव मुखिया संगीता सिंहा, सांसद प्रतिनिधि आशीष दांगी के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि विभाग एवं जेएसएलपीएस के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकार मित्र मुनीलाल दांगी और रविंद्र कुमार ने ग्रामीणों को योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।ग्रामीणों ने शिविर और पौधारोपण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने अधिकारों और पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का उपयोगी अवसर बताया।

### टंडवा कोयलांचल पहुंचे चतरा सांसद कालीचरण सिंह

# स्वागत सह आभार समारोह में हुए शामिल



**चतरा:** जिले के टंडवा प्रखंड के आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापित गांव कुमडांग कला में रविवार को स्वागत सह आभार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल का सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटु सिंह को बनाए जाने को लेकर किया गया था।आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह व विशिष्ट अतिथि विधायक उज्जवल दास ने भाग लिया।कार्यक्रम में पहुँचने पर झारखण्डी नृत्य संगीत से स्थानीय आदिवासी परिवार के द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया।आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय नारायण देव व संचालन ईश्वर दयाल पांडे व बंसन्त साहू ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में प्रेम विकास उर्फ मंटु सिंह के नेतृत्व में विस्थापित ग्रामीणों ने सांसद व विधायक ने शॉल बुके व माँ दुर्गा की तस्वीर देकर स्वागत किया।आयोजित कार्यक्रम में पांचों गांव के प्रतिनिधि कुंदन पासवान, संदीप सिंह,राजेन्द्र प्रसाद, उमेश यादव और रमेश वर्मा ने फॉरेस्ट डायवर्सन रोजगार नौकरी मुवावजा प्रदूषण समेत अन्य समस्याओं से सांसद विधायक को अवगत करवाया।अपने सम्बोधन में सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यहाँ के रैयतों के एक एक दर्द को समझता हूं ओर समाधान का वचन देता हूं।सरकार जंगल झाड़ी की जमीन को मान्यता नही दे रहा है, जब सर्वे हुवा था तब व अब में उस जमीन के नेचर में बदलाव हुआ है।उन्होंने कहा कि मामले को लेकर डीसी से उन्होंने बात की है। कहा है की जिनके पास रैयती जमीन नही है उस किसान का क्या दोष है। उसे उसका हक मिलना चाहिए, कहा कि मैंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि रैयतों को उनका हक मिलना चाहिए नही तो उनके साथ आंदोलन पर बैठूंगा जेल जाना पड़ेगा तो जाऊंगा, उन्होंने 50 डिसमिल वालो को भी नौकरी मिले इसकी भी सिफारिश की। उन्होंने नौकरी मिलने में हो रही समस्या पर कहा कि पहले परिवार में बंटे नही तभी मैं मदद कर सकता हूं।

# पोषण अभियान के तहत साइकिल रैली व जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**संवाददाता**





**चतरा:** राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत रविवार को समाहरणालय परिसर से गिद्धौर मुख्यालय तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निदेशक, समाज कल्याण, झारखंड, रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत आयोजित किया गया।प्रातः 7:30 बजे उपायुक्त कीर्तिश्री ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं भी साइकिल चलाकर रैली में सम्मिलित हुईं। उन्होंने जिलेवासियों से पोषण माह के दौरान कुपोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।रैली के प्रारंभ से पूर्व समाहरणालय परिसर में विशेष हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारियों और प्रतिभागियों ने कुपोषण मुक्त चतरा बनाने की शपथ ली और अपने हस्ताक्षर कर अभियान को समर्थन दिया। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद उपायुक्त ने मां के नाम पौधा अभियान के तहत एक पौधा रोपित किया और उपस्थित लोगों को पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ भी दिलाई।इसके पश्चात उपायुक्त ने पोषण अभियान के तहत गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कुपोषण मुक्त चतरा बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बच्चों का नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ समाज की नींव है। इस दिशा में सभी की भागीदारी अनिवार्य है।

इस अवसर पर उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि बच्चों का पूर्ण टीकाकरण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लाभुकों को समय पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि ने उपस्थित जनसमूह को 1000 सुनहरे दिन (गर्भधारण से लेकर बच्चे के 2 वर्ष तक) की अवधारणा के बारे में व पोषण माह के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस अवधि में मां और बच्चे का सही पोषण और समय पर स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी प्रखंडों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह के दौरान योजनाबद्ध तरीके से गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसके पश्चात उपायुक्त ने पोषण माह के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। इन स्टॉल में रक्तचाप एवं शर्करा, एनीमिया जांच शिविर, किशोरी बालिका स्वास्थ्य जांच शिविर और स्थानीय पोषण युक्त खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस अवसर पर उपायुक्त ने लाभार्थियों का गोदभराई एवं अन्नप्राशन भी कराया और उपस्थित जनसमूह को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कई प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जलसहिया, सहिया, एएनएम, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के महिला समूह ,छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रांची, जमशेदपुर और धनबाद में दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से मांगा नया प्लान

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड के तीन प्रमुख शहरों रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो रेल को लेकर केंद्र सरकार ने सकारात्मक पहल की है। केंद्र ने इन तीनों शहरों में मेट्रो रेल को लेकर झारखंड सरकार से नया कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) तैयार कर भेजने को कहा है। केंद्र की ओर से नया सीएमपी मांगे जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग को नया सीएमपी बनाने का निर्देश दिया है। विभाग ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दिया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते 10 जुलाई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से रांची में मेट्रो रेल परियोजना की मांग की थी। इसके



बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने तत्काल केंद्र सरकार को प्रस्ताव भी भेज दिया था। तब केंद्र ने सीएमपी मांगा। राज्य ने एक दशक पूर्व तैयार किया गया सीएमपी केंद्र को भेजा।

इसका अध्ययन करने के बाद केंद्र ने माना कि तीनों शहरों का पुराना मोबिलिटी प्लान अब मौजूदा जरूरतों के अनुरूप नहीं है। इसके बाद केंद्र ने झारखंड से नया और अद्यतन सीएमपी तैयार कर भेजने के लिए कहा है। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के अनुसार, मैट्रो रेल के लिए डेढ़ से दो माह में केंद्र को नया सीएमपी बनाकर भेज दिया जाएगा। राज्य सरकार का मानना है कि यह नया सीएमपी केंद्र को सौंपने के बाद मेट्रो की दिशा में औपचारिक प्रक्रियाएं शुरू हो जाएंगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, सीएमपी वह आधारभूत दस्तावेज है, जिसके बिना मेट्रो या किसी भी रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की मंजूरी संभव नहीं होती। इसमें शहर की मौजूदा और भावी यातायात व्यवस्था, सड़क नेटवर्क, ट्रैफिक दबाव, सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता, निजी वाहनों की बढ़ती संख्या, जाम की समस्या, प्रदूषण और पर्यावरणीय प्रभाव का विस्तृत आकलन होता है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर तय होगा कि मेट्रो किन रूटों पर सबसे उपयुक्त होगी और परियोजना की आर्थिक व्यवहार्यता कैसी है। केंद्र नए सीएमपी के आधार पर तीनों शहरों में मेट्रो के परिचालन पर निर्णय लेगी। नगर विकास प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की मजबूत दावेदारी के बाद रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो रेल परियोजना को लेकर केंद्र ने सकारात्मक पहल की है। केंद्र द्वारा मांगा गया नया नया सीएमपी डेढ़ से दो माह में भेज दिया जाएगा।

मेट्रो ट्रेन से ये होंगे फायदेः मेट्रो रेल सेवा भीड़ मैनेजमेंट, पर्यावरण प्रदूषण में कमी, तेज और आरामदायक यात्रा, उच्च क्षमता और विश्वसनीयता और बेहतर शहरी पहुंच के लिए महत्वपूर्ण सेवा है। कनेक्टिविटी में सुधारेगी। मेट्रो शून्य-उत्सर्जन वाली बिजली से चलती है, जिससे सड़कों पर चलने वाले पेट्रोल-डीजल वाहनों की संख्या कम होती है और कार्बन उत्सर्जन घटता है। मेट्रो ऊर्जा के लिहाज से बहुत कुशल होती है, जिससे कुल ईंधन की खपत कम होती है।

मेट्रो तेज गति से संचालित होती है, जिससे यात्रा के समय में काफी बचत होती है। इस सेवा के जरिए एक बार में सैकड़ों यात्री सफर करते हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों के लिए एक विश्वसनीय विकल्प माना जाता है। मेट्रो शहरों के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे लोगों की आवाजाही आसान होती है।

# कलश यात्रा के साथ नवरात्र प्रारंभ



**रांचीः** जिला ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कल सुबह 8 बजे किया गया। सर्वजनीन दुर्गा पूजा समिति बंसिया, राहें प्रखंड ,सिल्ली थाना रांची में कलश स्थापना से पूर्व बंसिया गांव की महिलाओं- माताओं, बहनों व बुजुर्गों ने गाजे बाजे के साथ कलश में नदी से जल उठाकर कलश यात्रा की । कलश यात्रा का नेतृत्व कर रहे बंसिया पूजा समिति के सचिव सुमंत कुमार साहु, अध्यक्ष फणिलाल साहु,गुरुचरण साहु,नंदू मुंडा, राजेश हजाम, उमाचरण साहु, एवं सैकड़ों बंसिया गांव के ग्रामीण धर्मप्रेमीगण।

# पुलिस गश्ती दल पर फायरिंग, हवलदार घायल

**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी में अपराधी लगातार दुस्साहस दिखा रहे हैं। ताजा मामला रांची के खलारी इलाके का है। यहां रात के समय गश्त कर रहे जवानों पर मास्क लगाए अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में खलारी थाना के एक हवलदार घायल हो गए हैं।

**चेकिंग के दौरान हुई फायरिंग**

पुलिस पर फायरिंग की वारदात रविवार की देर रात को अंजाम दी गई। गोलीबारी में झारखंड पुलिस के हवलदार राम शरीक शर्मा घायल हो गए हैं। हवलदार के पांव में गोली लगी है और उनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा



है। घटना के संबंध में खलारी थाना प्रभारी जयदेव टोप्पो ने बताया कि रविवार की देर रात पुलिस की एक पार्टी नियमित गश्त पर थी।

इसी दौरान खलारी के पूर्वी राय में वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा था। चेकिंग अभियान के दौरान ही नकाब से मुंह ढके दो संदिग्ध सड़क के किनारे दिखाई दिए, जिन्हें देखकर पुलिस की टीम ने उन्हें रोकना चाहा लेकिन तभी कुछ दूर खड़े एक उजले रंग की कार में सवार कुछ अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

फायरिंग की वजह से पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। एक गोली हवलदार को लग गई जिसके बाद वहां मौजूद बाकी पुलिसकर्मी उसे देखने लगे। इसी का फायदा उठाकर गोलीबारी करने वाले अपराधी मौके से फरार हो गए। पुलिस वालों के द्वारा कुछ देर उनका पीछा भी किया गया लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गए।

अज्ञात अपराधियों के द्वारा की गई गोलीबारी में घायल हवलदार को इलाज के लिए रांची स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस ने घायल हवलदार का बयान भी लिया है। वहीं जिस कार से अपराधी आए थे, उसकी तलाश के लिए इलाके में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

यह भी बताया जा रहा है कि रात के समय खलारी में पशु और कोयला तस्कर दोनों ही एक्टिव रहते हैं। संभावना जताई जा रही है कि तस्करी के लिए अपराधी सड़क पर जुटे थे। इसी दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी वहां पहुंच गई। पकड़े जाने के भय से अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और फरार हो गए।

# 26 सितंबर तक झारखंड में भारी बारिश का पूवार्नुमान , मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रांचीः** झारखंड में एक बार फिर से मौसम बदलने वाला है। भारी बारिश, बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक नया निम्न दाब क्षेत्र बनने से 26 सितंबर तक झारखंड में भारी बारिश होने का पूवार्नुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बीते रविवार को यह जानकारी दी।

सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम एवं अन्य जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने कहा कि इस अवधि के दौरान राज्य में 30-40



किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और बारिश भी हो सकती है। विभाग ने कहा कि अगले तीन दिन में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का पूवार्नुमान है। बीते रविवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटों में, राज्य में गिरिडीह जिले के पालगंज में सबसे अधिक 70 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, इसके बाद नंदाडीह (65.6 मिलीमीटर) और कोनेर (54.4 मिलीमीटर) रहे।

राज्य में जमशेदपुर में सबसे अधिक (36 डिग्री सेल्सियस) तापमान दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार (21.7 डिग्री सेल्सियस) में दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, इस मानसून में राज्य में 18 प्रतिशत अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार, एक जून से अब तक राज्य में 1,140 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है, जबकि सामान्य बारिश 962.4 मिलीमीटर होती है।



# मोहन नगर मे कलश यात्रा के साथ नवरात्र का शुभारंभ

**प्रवेश चौहान**

**खलारीः** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मोहन नगर में कलश यात्रा निकाली गई जो मोहन नगर दुर्गा मंडप से प्रारंभ होकर मानकी सपही नदी तक पहुंचेगी, जहां से श्रद्धालु पवित्र जल भरकर वापस दुर्गा मंडप लेकर आयगे इस पवित्र जल से माँ दुर्गा की प्रतिमा का जलाभिषेक किया जाएगा और विधिवत कलश स्थापना के साथ माँ दुर्गा और उनके नौ अवतारों की पूजा-अर्चना की जाएगी इस बार मां दुर्गा गजराज पर सवार होकर आयेगी इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के लिए मां दुर्गा से सुख समृद्धि की कामना की । मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा चौहान, नंदलाल चौहान, रामबली चौहान ,अभिषेक चौहान, रमेश चौहान ,अरुण चौहान, रविभूषण सिंह ,देवेंद्र मालाकार-पुजारी, बुटन चौहान सतीश चौहान, नन्दु चौहान ,अजय चौहान व कई श्रद्धालु शामिल हैं।

# राजद कार्यालय में मनायी गयी प्रखर समाजवादी नेता भोला पासवान शास्त्री की जयंती



**रांचीः** आज प्रदेश कार्यालय में बिहार ही नहीं पूरे देश के प्रखर समाजवादी दलित नेता भोला पासवान शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री ईमानदार, दलितों के लिए मार्गदर्शन के रूप में प्रखर नेता थे। वे 1968 और 1971 के बीच तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। स्वर्गीय शास्त्री का सादा जीवन और उच्च विचार समाज सुधारक के रूप में इनका नाम सदा याद आता रहेगा। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सक्रिय राजनीति में आए थे। जयंती समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय, प्रणय कुमार बबलू ,रामकुमार यादव, सुधीर यादव, , दिलीप साहू, चंद्रशेखर भगत, सबर फातमी, रंजन कुमार ,उमेश यादव, मनोज अग्रवाल ,लाल बाबू रजक सहित अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आगामी पर्व-त्योहारों पर विधि-व्यवस्था व जन-सुरक्षा को लेकर बैठक,उपायुक्त ने दिए निर्देश

**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ महापर्व जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर विधि-व्यवस्था एवं जन-सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर पारस राणा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राकेश सिंह, उपसमाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, एनडीआरएफ असिस्टेंट कमांडेंट कौशल कुमार तथा विंग कमांडर



सूरज कुमार मौजूद रहे। भजंत्री ने कहा कि आगामी पर्व-त्योहारों में भीड़-भाड़, जलाशयों, नदी घाटों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ के सहयोग से विशेष तैयारी की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि हो। एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट कौशल कुमार ने बताया कि पर्व के दौरान एनडीआरएफ की विशेष टीमें घाटों, पंडालों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर तैनात रहेंगी। इन टीमों के पास अत्याधुनिक उपकरण रहेंगे, जिनसे जल-जनित आपदाओं, दुर्घटनाओं तथा आपातकालीन परिस्थितियों से तुरंत निपटा जा सकेगा। साथ ही, भीड़ प्रबंधन एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पर्याप्त टीम की तैनाती की जाएगी।

बैठक में यह भी तय किया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान प्रमुख पंडालों के आस-पास एनडीआरएफ की मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी। छठ पर्व के अवसर पर सभी प्रमुख तालाबों एवं नदी घाटों पर विशेष सतकर्ता बरती जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर त्वरित कारर्वाई के लिए कंट्रोल रूम को हाई अलर्ट पर रखा जाएगा। जिला पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे करेंगे, ताकि आपदा की स्थिति में तत्परता बनी रहे। भजंत्री ने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा और शांति जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाए और आम जनता को सतर्क रहने एवं प्रशासन के सहयोग करने के लिए जागरूक किया जाए।

## कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा का आरोप

# भाजपा को भ्रष्टाचार का नैतिक अधिकार नहीं



**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा और उसके नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा को भ्रष्टाचार का नैतिक अधिकार नहीं है।

सिन्हा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भारत माता के रक्षा सौदे में रिश्वत लेते पकड़ा गया है और भाजपा देशभर के भ्रष्ट लोगों को अपने दल में शामिल करती है। ऐसे दल के पास भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई अधिकार नहीं। सिन्हा ने कहा कि बिहार में भाजपा अपने मित्रों को एक रुपये के लीज पर जमीन देकर राजस्व संसाधनों का गलत उपयोग कर रही है। सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री जो अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, उन पर भाजपा लगातार बेबुनियाद आरोप लगाती रहती है। स्वास्थ्य विभाग के टेंडर प्रक्रिया के विषय में कहा कि टेंडर ननिविदा जेम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से निकाले जाते हैं और जो पार्टी सही मूल्यांकन में क्वालीफाई करती है, उसे टेंडर दिया जाता है।

सिन्हा ने भाजपा पर झूठ बोलकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि डीजीपी मामले में न्यायालय ने भाजपा को फटकार लगाई है। ऑपरेशन लोटस, ईडी और घुसपैठिए नाकाम होने के बाद भाजपा अब सरकार को बदनाम करने के नये तरीके अपना रही है। सिन्हा ने कहा कि भाजपा वह लोग हैं, जिनके शासन काल में ऑक्सीजन की कमी से बच्चे दम तोड़ चुके हैं, इसलिए उन्हें विकास का असली अर्थ समझ में नहीं आता।

# 'दादी-पोती' दोहरे हत्याकांड का खुलासा, पोती का पति ही निकला कातिल

**दुमका** : जिले में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी और उसकी दादी की हत्या करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यहां एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोना बास्के (71) और उनकी पोती सोना मुर्मू (19) की शुक्रवार रात शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के अमचुआ गांव में उनके घर में हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि सोना मुर्मू के पति राजू सोरेन को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, सोना मुर्मू के पिता बाबूजी मुर्मू की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ की गई तथा राजू के हाव-भाव संदिग्ध पाए गए। परिस्थितिजन्य साक्ष्य ने संदेह को और बढ़ा दिया।''

अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान उसने (राजू ने) कबूल किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या इसलिए की, क्योंकि वह उससे छोटी-छोटी बातों पर अक्सर झगड़ा करती थी। उसे बचाने की कोशिश कर रही उसकी दादी को भी उसने मार डाला।''

पुलिस के अनुसार, काठीकुंड थाना क्षेत्र के जलवाडूबा निवासी राजू अपने ससुराल में रहता था और शुक्रवार को वह फुटबॉल खेलकर थका हुआ जब घर लौटा तो उसकी पत्नी ने उससे झगड़ा शुरू कर दिया, जिससे वह भड़क गया। एसपी ने कहा, उसने (आरोपी) दावा किया कि इसी वजह से हत्या हुई। हमने हत्या में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का हथौड़ा और खून से सनी उस टीशर्ट को बरामद कर लिया है, जिसे उसने घटना के वक्त पहना था।''

# पंडरा थाना में तोड़फोड़ करने वाले आठ उपद्रवी गिरफ्तार



**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची के पंडरा थाना क्षेत्र में तोड़फोड़ और उपद्रव मचाने वाले 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ज्ञातव्य है कि गुमला जिले के रहने वाले युवक को पंडरा में ट्रेलर ने टक्कर मारी थी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं।युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। विशाल भीड़ ने सड़क जाम कर दिया और टायर जलाकर यातायात पूरी तरह से ठप कर दिया। हंगामा बढ़ता देख कुछ उपद्रवियों ने पंडरा थाना परिसर में घुसकर फर्नीचर, कुर्सी, गमले और पुलिस के केस फाइलों को नुकसान पहुंचाया। इससे पुलिस के कामकाज पर असर पड़ा और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस को स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद उपद्रवियों को काबू किया गया।

रांची एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सिटी एसपी और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व चश्मदीदों की मदद से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें चंदन कुमार, महेश साव, दिनेश राय, कुणाल यादव, कुंदन यादव, अनमोल जायसवाल, मीणा देवी और प्रिया कुमारी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर रही है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है ताकि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और व्यवस्था बहाल हो सके।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## राजनाथ सिंह का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों और उस पर भारत की प्रतिक्रिया के बीच अंतर को उजागर करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों को उनके धर्म के बजाय उनके कार्यों के लिए निशाना बनाया गया था, जबकि किसी भी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान को अछूता नहीं छोड़ा गया था। अपनी यात्रा के दौरान मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करते हुए, रक्षा मंत्री ने भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वभाव पर प्रकाश डाला, जो विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ भेदभाव नहीं करता है। सिंह ने रबात, मोरक्को में अपनी बातचीत के दौरान कहा, अब भारत की विशेष देखो, आतंकवादियों ने देशवासियों का धर्म पूछकर मारा, लेकिन हम लोगों ने किसी का धर्म देख नहीं, उनका कर्म देख कर मारा है। लेकिन हमने किसी का धर्म नहीं, बल्कि उनके कर्म देखे। भारत के मजबूत धर्मनिरपेक्ष आधार का ज़िक्र करते हुए, मंत्री महोदय ने कहा, ₹हमें लोगों के किसी भी धर्म को मानने से कोई समस्या नहीं है। यह आजादी है, कोई भी जिस भी धर्म को मानना चाहे, उसे मान सकता है। कोई भी हो, चाहे वह किसी खास धर्म या समुदाय का हो, हम भेदभाव नहीं करते। यही भारत का चरित्र है। सिंह ने आगे बताया कि कैसे भारत ने सिर्फ. उन लोगों और संगठनों को निशाना बनाया जो हमले के लिए ज़िम्मेदार थे, जबकि किसी भी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया। इसके अलावा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी आतंकी गतिविधि पर भारत की ओर से निर्णायक प्रतिक्रिया होगी। 7 मई के ऑपरेशन सिंदूर सहित पिछली सैन्य कार्रवाइयों के संभावित ₹भाग 2 या भाग 3₹ की ओर इशारा करते हुए, उन्होंने कहा कि यह सब पाकिस्तान के आचरण पर निर्भर करता है। साथ ही, उन्होंने सीमा पार आतंकवाद पर भारत के शून्य-सहिष्णुता के रुख पर भी जोर दिया। उन्होंने रविवार को मोरक्को में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए कहा, भाग 2 बाकी है या भाग 3, हम नहीं कह सकते। यह उनके (पाकिस्तान के) आचरण पर निर्भर करता है। अगर वे आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहते हैं, तो उन्हें जवाब मिलेगा। राजनाथ सिंह वर्तमान में मोरक्को की यात्रा पर हैं, जो किसी केंद्रीय रक्षा मंत्री की इस उत्तरी अफ्रीकी देश की पहली यात्रा है। बातचीत के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने याद दिलाया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के एक दिन बाद उन्होंने तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ बैठक बुलाई थी।

## राहुल गांधी का बयान लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त करता है

भारतीय लोकतंत्र को लेकर हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का यह कहना कि लोकतंत्र बचाना मेरा काम नहीं पूरे राजनीतिक विमर्श में हलचल पैदा कर गया है। यह बयान केवल विपक्ष और सत?ता पक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहनेवाला नहीं है, यह आज आम नागरिकों के मन में भी गहरे सवाल छोड़ता है। लोकतंत्र केवल चुनाव लड़ने और सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं है, यह एक सतत जिम्मेदारी है, जिसमें सत?ता और विपक्ष दोनों बराबर भागीदार होते हैं। यदि विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा ही यह कह दे कि लोकतंत्र को बचाना उसका काम नहीं, तो यह न केवल उसकी भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगाता है बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की गंभीरता पर भी संदेह पैदा करता है। कहना होगा कि विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना या विरोध प्रदर्शन करना भर नहीं है। इसके पीछे संवैधानिक जिम्मेदारी निहित है कि वह जनता की आवाज बने, लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सजग रहे और संसद में सरकार के फैसलों पर ठोस बहस करे। राहुल गांधी ने हालिया कर्नाटक विधानसभा चुनावों के संदर्भ में जब यह आरोप लगाया कि चुनाव आयोग में ह्यभेदियोंह्न की भरमार है और लोकतंत्र खतरे में है, तब यह अपेक्षा की जाती थी कि वे इस मुद्दे को कानूनी और संवैधानिक रास्तों से उठाएँगे। किंतु न?यायालय या चुनाव आयोग का रुख न अपनाकर उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं है और उनका काम केवल सरकार पर दबाव डालना है। क?या उनका यह दृष्टिकोण सही है? उन?हें न सही कांग्रेस पार्टी के अन?य नेताओं को भी नहीं लगता कि राहुल की ये सोच राजनीतिक दृष्टि से संकीर्ण होने के साथ ही संवैधानिक सजगता की कमी भी उजागर करती है? भारतीय लोकतंत्र के आपातकाल के दौर को देखिए; इंदिरा गांधी की सत्ता के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य विपक्षी नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, उसने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को और गहरा किया। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स?वराज जब विपक्ष में थे, तब वे अपनी तेजतर्रार आलोचना और गंभीर बहसों के लिए जाने जाते थे। वे सत?ता से असहमति रखते हुए भी लोकतंत्र की गरिमा को कभी कम नहीं करते थे। लेकिन आज राहुल गांधी क?या कर रहे हैं। वास?तव में यही अपेक्षा नेता प्रतिपक्ष से है कि वे लोकतंत्र को न केवल भाषणों में बल्कि अपने आचरण से भी मजबूत करें। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली में अक्सर यह देखने को मिला है कि वे संसद से अधिक सड़क पर सक्रिय रहते हैं। वे बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और युवाओं के मुद्दों को बार-बार उठाते हैं, लेकिन इन मुद्दों पर वैकल्पिक दृष्टिकोण या ठोस नीति पेश करने से चूक जाते हैं। जबकि नेता प्रतिपक्ष का पद केवल आलोचना नहीं बल्कि विकल्प प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी मांगता है। इस पृष्ठभूमि में उनका यह कहना कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं, उनकी राजनीतिक गंभीरता को और कमजोर करता है। क?या उन्हें ये भान नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र कोई स्वतः जीवित रहने वाली व्यवस्था नहीं है? यह निरंतर सजगता, संघर्ष और संस्थागत मजबूती से चलता है। न्यायपालिका, मीडिया और जनता के साथ-साथ विपक्ष इसका अभिन्न हिस्सा है। जब विपक्ष का सबसे बड़ा नेता यह जिम्मेदारी अपने कंधों से उतार देता है और उसे युवाओं या जनता पर डाल देता है, तो लोकतंत्र के प्रहरी की जगह खाली हो जाती है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि देश के युवा और जनरेशन-जेड लोकतंत्र बचाएँगे। निस्संदेह युवा किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं, लेकिन क्या केवल युवाओं पर यह जिम्मेदारी डालकर नेता प्रतिपक्ष स्वयं को मुक्त कर सकते हैं? नेता का काम युवाओं को नेतृत्व देना है, उन्हें दिशा दिखाना है, न कि अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटकर उन्हें सत्ता से लड़ाने-भिड़ाने के लिए छोड़ देना! उनके इस बयान के बाद यदि भारतीय जनता पार्टी और सत?ता पक्ष ये कहें कि कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है और भारत को नेपाल या बांग्लादेश जैसी स्थिति में ले जाना चाहती है तो वे क?या गलत कह रहे हैं? यह आरोप राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा भर नहीं हैं। आज आम जनता के मन में भी यह सवाल उठने लगा है कि यदि विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा ही लोकतंत्र की रक्षा को अपना काम नहीं मानता, तो फिर लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने की जिम्मेदारी किस पर है। यह सच है कि लोकतंत्र में सत?ता का दायित्व है कि वह नीति बनाए और उसे लागू करे, किंतु इसके साथ विपक्ष का दायित्व भी यहां तक है, वह यह कि सरकार के कामकाज को परखे, गलतियों की ओर ध्यान दिलाए और जनता को सही जानकारी दे। यदि विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तक सीमित हो जाए और रचनात्मक भूमिका न निभाए, तो लोकतंत्र का संतुलन टूटता है। आज राहुल गांधी का हालिया बयान इसी टूटते हुए संतुलन की चिंता को और गहरा कर रहा है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि विपक्ष का नेता होने के नाते उन्हें न केवल सरकार की आलोचना करनी है, बल्कि इससे कहीं अधिक देश के विकास से संबंधित ठोस समाधान भी प्रस्तुत करना हैं।

# नवरात्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक तादात्म्य

वैज्ञानिक तथ्य है कि दिन में अन्य तरंगों के कारण ध्वनि तरंगों में अवरोध उत्पन्न होता है इसलिए रात्रि काल में उपासना पर विशेष रूप से भारतीय मनीषियों ने बल दिया है। नवरात्र दीपावली, महाशिवरात्रि और होली जैंसे अधिकांश पर्व रात्रि में ही मनाए जाते हैं, ताकि ध्वनि की तरंगों का ठीक प्रकार से विस्तार हो।

ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों में आदि शक्ति का इतिहास सनातन है, जहाँ उन्हें परम चेतना, ब्रह्मांड की मूल निमार्ता, दृष्टा और संहारक शक्ति के स्वरुप में वर्णित किया गया है। इसलिए मार्कण्डेय पुराण के दुर्गा सप्तशती अंश में कहा गया ह मैं ही राष्ट्र को बांधने और ऐश्वर्य देने वाली शक्ति हूँ, और मैं ही रुद्र के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाती हूँ। हमारे तत्वदर्शी ऋषि मनीषा का उपरोक्त प्रतिपादन वस्तुतः स्त्री शक्ति की अपरिमितता का प्रतीक है।

**डॉ. आनंद सिंह राणा**



नारीशक्ति की सर्वोत्तम व्याख्या भारतीय पुराणैतिहासिक संदर्भों में प्राप्त होती है जो वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित है। वर्ष 2018 के सर्वश्रेष्ठ शब्द के रूप में आक्सफोर्ड डिक्शनरी ने नारीशक्ति को चुनकर इस दिशा में और गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया है। भारत में नवरात्र आराधना के प्रसंग में ॐ ऐं ह्रीं क्लीं के अंतर्गत ऐं = वाग्बीज(ज्ञानशक्ति ), क्लीं =कामराज (क्रिया शक्ति), ह्रीं = मायाबीज ( पदार्थ ) के माध्यम से सृष्टि निर्माण, स्थिति और ध्वंस की विज्ञान-सम्मत व्याख्या मिलती है। इनसे ही सात्विक, राजसिक और तामसिक प्रवृत्तियों की व्याख्या की मनोवैज्ञानिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि विकसित हुई है। रात्रि शब्द सिद्धि का प्रतीक माना जाता है, इसलिए भारत में रात्रि का विशेष महत्व है।भारतीय पर्वों के मूल में आध्यात्मिक चेतना के साथ वैज्ञानिकता उसके मूल में निहित है। वैज्ञानिक तथ्य है कि दिन में अन्य तरंगों के कारण ध्वनि तरंगों में अवरोध उत्पन्न होता है इसलिए रात्रि काल में उपासना पर विशेष रूप से भारतीय मनीषियों ने बल दिया है। नवरात्र दीपावली, महाशिवरात्रि और होली जैंसे अधिकांश पर्व रात्रि में ही मनाए जाते हैं, ताकि ध्वनि की तरंगों का ठीक प्रकार से विस्तार हो। एतदर्थ मंत्र, तंत्र और यंत्र के साथ विभिन्न वाद्य यंत्रों और शंख बजाकर वातावरण को न केवल रोगाणु मुक्त किया जाता है वरन् अपकारी शक्तियों के साथ आसुरी प्रवृत्तियों का भी शमन भलीभाँति होता है। नवरात्र के संबंध में यह सर्वविदित है कि कि एक वर्ष में चार संधि काल होते हैं और इसलिए क्रमशः चार नवरात्र चैत्र, आषाढ़ अश्विन, और माघ में मनाए जाने की विधान है। भारत में 51 शक्तिपीठों का विशेष महत्व है और इनमें से कई शक्तिपीठ जनजातियों द्वारा पूजित संरक्षित किए गए हैं। चार संधि कालों में सत्व गुण तमोगुण और रजोगुण के मध्य उचित सामंजस्य स्थापित करना ही नवरात्र का मूल आधार है। तन मन को निर्मल और पूर्णतः स्वस्थ रखने के का अनुष्ठान ही नवरात्र है। वस्तुतः नौ रातों के समूह को नवरात्र कहा जाता है, जो शरीर के अंदर निवास करने वाली जीवनी शक्ति दुर्गा के ही स्वरुप हैं। उपनिषदों में उमा या हेमवती का उल्लेख किया है। भारतीय अवधारणा में हिरण्यगर्भ जिसे पाश्चात्य विज्ञान बिग बैंग के रुप समझता है, तद्नुसार शक्ति या ऊर्जा के आलोक में जड़ - चेतन की व्याख्या करता है।शिव - शक्ति का अद्वैत है।

यजुर्वेद में स्पष्ट है कि 'यद् पिण्डे, तद् ब्रम्हाण्डे'। इसी के परिप्रेक्ष्य में भौतिकी में अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी अपने द्रव्य - ऊर्जा समीकरण (ए=ं2) के माध्यम से अद्वैत की पुष्टि की है। ऊर्जा से ही सब गतिमान हैं। आंध्र ऊर्जा और आंध्र पदार्थ के संबंध में भी यही अवधारणा है।विज्ञान में ऊर्जा का अध्ययन वास्तव में आदिशक्ति का का ही अन्वेषण है। आदिशक्ति त्रिगुणात्मक है। अपने तीन स्वरूपों क्रमशः ज्ञान शक्ति, इच्छा शक्ति और क्रिया शक्ति से सत्व, रज और तम गुणों को उद्भूत करती है।तीनों गुणों के क्रियात्मक वेग के परस्पर संयोग से 9 के यौगिक की व्युत्पत्ति होती है जो सृष्टि का प्रथम गर्भ है। यही ब्रह्म (ब=23, ं=27, ह=33,म =25, 23+27+33 +25 =108..1+0+8 =9)की पुष्टि करता है यही सर्वत्र चराचर में व्याप्त है। हमारे मनीषियों ने नारी को शक्ति के रूप में स्वीकार किया है सरस्वती लक्ष्मी और दुर्गा के मानवीय रूपों के माध्यम से उनके गुणों और क्रिया सहित व्यक्त करने का प्रयास किया है। यह भी स्पष्ट है कि मूर्ति पूजा हमारे यहां प्रतीकात्मक है यजुर्वेद कहता है कि ₹ना तस्य प्रतिमा अस्ति₹। बौद्धों के पूर्व मूर्ति पूजा शिरोधार्य नहीं थी वरन् आकृतियों का निर्माण कर पूजा की गई है,जैसे शिवलिंग, शालिग्राम और पिंडी का पूजन। देवी के लिए पिंडी पूजन क्योंकि वह गर्भ का द्योतक है। ईश्वास्योपनिषद के शांति पाठ में स्पष्ट है कि ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते..पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते। जिसका अर्थ है वह भी पूर्ण है और यह जगत भी पूर्ण है, पूर्ण से पूर्ण प्रकट होता है, और फिर भी पूर्ण शेष बचता है, पूर्ण से पूर्ण निकल जाए फिर भी पूर्ण शेष बचे, वही ईश्वर है।यह स्पष्ट है कि एक मादा गर्भधारण कर एक संतान को जन्म देती है जो पूर्ण होती है, और माँ भी पूर्ण रहती है इसलिए मां ईश्वर का स्वरूप है। संसार की सभी मादाएं ईश्वर का ही स्वरूप है।यही मातृत्व शक्ति माँ दुर्गा के रुप में सकल ब्रम्हांड में व्याप्त है। भौतिकी में 9 ऊजाओं का क्रमशः स्थितिज ऊर्जा, गतिज ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा, चुंबकीय ऊर्जा, आणविक ऊर्जा, तापीय ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा व रासायनिक ऊर्जा उल्लेख है जिनसे 9 प्रकार की आकृतियों का निर्माण होता है। यही नवरात्र के मूल में वैज्ञानिक तथ्य हैं। भौगोलिक और भूगर्भीय दृष्टि से नवरात्र का बड़ा महत्व है।पृथ्वी पर विषव (ए०४ल्लङ्ग७) की विशिष्ट स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं। इसलिए नवरात्र पर्व में व्रत, उपवास और ध्यान के माध्यम से चक्रों और नाड़ियों का शोधन होता है। जीव विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में यही समय होता है जब हार्मोनल, और आंतरिक परिवर्तन के साथ जैविक चक्रों पर प्रभाव पड़ता है तब अनेक रोग की बाढ़ आ जाती है, जिसके शोधन के लिए दिव्य ब्रम्हांडकीय आदिशक्ति, माँ दुर्गा को 9 रुपों शिरोधार्य किया जाता है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से दुर्गा शब्द की व्युत्पत्ति 'दुर्ग' और 'आ' प्रत्यय जोड़कर हुई है जिसका अर्थ ₹जो शक्ति दुर्ग की रक्षा करती हैं, दुर्गा हैं₹ ।यहाँ दुर्ग का अर्थ साधक के शरीर और चेतना के लिए ही है। वह शक्ति दुर्ग की रक्षा करती हैं वही दुर्गा है, दुर्ग साधक का शरीर है, और उसकी चेतना है, दुर्गा।

**(लेखक इतिहास के प्राध्यापक एवं इतिहास संकलन समिति महाकोशल प्रांत पदाधिकारी**

# महाराजा अग्रसेन: महान राजा और समाज सुधारक

महाराजा अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा वल्लभ सेन के घर हुआ था। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुए- अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा।

महान राजा और समाज सुधारक महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष अग्रसेन जयंती मनाई जाती है। जिन्होंने अग्रवाल समुदाय की स्थापना की और समाज के लिए समानता, सामाजिक कल्याण, और भाईचारे के सिद्धांतों को बढ़ावा दिया। इस दिन को उनके विचारों और आदर्शों के प्रति समर्पण दशार्ने और सामुदायिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से उनके संदेश को फैलाने के लिए मनाया जाता है। महाराजा अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा वल्लभ सेन के घर हुआ था। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुए- अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय

**रमेश सर्राफ धमोरा**

गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नई व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी। महाराजा अग्रसेन एक कर्मयोगी थे जिन्होंने सभी के लिए समृद्धि की कामना की। उन्होंने अहिंसा का आदर्श अपनायाजिसमें उन्हें पशु बलि की निरर्थकता का एहसास हुआ। इस अहसास ने उन्हें 'अहिंसा' के सशक्त नायकों में से एक बना दिया। उन्होंने सभी जानवरों की बलि पर प्रतिबंध लगा दिया। हालाँकि अहिंसा में उनके विश्वास का मतलब उत्पीड़न का विरोध न करना नहीं था बल्कि उन्होंने आत्मरक्षा को बढ़ावा दिया। उनके अनुसार आत्मरक्षा और राष्ट्ररक्षा केवल क्षत्रियों- योद्धा जाति का कार्य नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभूमि की रक्षा करे। महाराजा अग्रसेन भगवान राम के वंशज और भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन थे। वे राजा राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी की संतान थे।महाराजा अग्रसेन को अहिंसा के प्रतीक, शांति के दूत के रूप में जाना जाताहै। महाराजा अग्रसेन त्याग, करुणा, अहिंसा, शांति, समृद्धि के अवतार और एक सच्चे समाजवादी थे।महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की छोटी-छोटी मदद से समान समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है।

महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे। जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वयंवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया।

माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है। महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास है। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है।

उन्होंने परिश्रम और उद्योग से धनोपार्जन के साथ-साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर वैश्य जाति को व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर आत्मरक्षा के लिए शस्त्रों के उपयोग की शिक्षा पर भी बल दिया। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता।

महाराजा अग्रसेन पर अनगिनत पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। सुप्रसिद्ध लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र जो खुद भी अग्रवाल समुदाय से थे। उन्होने 1871 में अग्रवालों की उत्पत्ति नामक एक प्रामाणिक ग्रंथ लिखा है। जिसमें विस्तार से इनके बारे में बताया गया है। 24 सितंबर 1976 में भारत सरकार द्वारा 25 पैसे का डाक टिकट महाराजा अग्रसेन के नाम पर जारी किया गया था। सन 1995 में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से 350 करोड़ रुपए में एक विशेष तेल वाहक पोत (जहाज) खरीदा जिसका नाम महाराजा अग्रसेन रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर है।

आज का अग्रोहा ही प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित अग्रवालों का उद्गम स्थान आग्रेय है। अग्रोहा हिसार से 20 किलोमीटर दूर महाराजा अग्रसेन राष्ट्र मार्ग संख्या 10 के किनारे एक साधारण गांव के रूप में स्थित है। जहां पांच सौ परिवारों की आबादी रहती है। इसके समीप ही प्राचीन राजधानी अग्रेह (अग्रोहा) के अवशेष के रूप में 650 एकड भूमि में फैला महाराजा अग्रसेन धाम हैं। जो महाराज अग्रसेन के अग्रोहा नगर के गौरव पूर्ण इतिहास को दशार्ता है। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज में पांचवें धाम के रूप में पूजा जाता है। अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने यहां पर बहुत सुंदर मन्दिर, धर्मशालाएं आदि बनाकर यहां आने वाले अग्रवाल समाज के लोगों के लिए बहुत सुविधायें उपलब्ध करवाई हैं। इतिहास में महाराज अग्रसेन परम प्रतापी, धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में उल्लेखित हैं। देश में जगह-जगह महाराजा अग्रसेन के नाम पर बनायी गयी स्कूल, अस्पताल, बावड़ी, धर्मशालाएं आदि महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों का आधार हैं। जो मानव आस्था के प्रतीक हैं।

# पहले नवरात्र पर उत्तर प्रदेश की राजनीति में भक्ति का रंग

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उप-मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ, महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार नवरात्रि के पहले दिन शुभकामनाएं दीं। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए विश्व शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने संयम और साहस जैसे गुणों के महत्व पर जोर दिया। योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक ह्लएक्सह्न खाते पर संस्कृत का एक श्लोकपोस्ट किया। योगी ने इसी पोस्ट में कहा ह्लजगद्धात्री मां भगवती की उपासना के पावन पर्व शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में संयम, साहस और संकल्प का बीज अंकुरित हो। मुख्यमंत्री ने कहा ह्लमां की कृपा से अखिल विश्व सुख, शांति और समृद्धि की किरणों




से आलोकित हो। जय मां शैलपुत्री !ह्न उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने पोस्ट में कहा ह्लआस्था, शक्ति और भक्ति के पर्व शारदीय नवरात्र की समस्त देश व प्रदेश वासियों को मंगलमय शुभकामनाएं !ह्न मौर्य ने कहा ह्लजगतजननी मां दुर्गा से प्रार्थना है कि आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखें।ह्न दूसरी ओर, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी ह्लएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा ह्लशारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आदि शक्ति मां भगवती की प्रथम स्वरूपा मां शैलपुत्री जी के चरणों में नमन करता हूं।ह्न भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपने पोस्ट में कहा, ह्यह्यशारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन अनंत शक्ति वाली माता भगवती जी की प्रथम स्वरूपा मां शैलपुत्री जी के पूजन दिवस के सुअवसर आप सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।ह्न उन्होंने कहा कि ह्लमां शैलपुत्री आप सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना करता हूं।जय माता दी।

## टिप्स

### केला और काली मिर्च का जादुई मेल, पेट की हर समस्या जड़ से खत्म

फल और सब्जियां खाने से सेहत जबरदस्त बनती है। वैसे भी हमारे रसोई में मौजूद फल, सब्जियां, मसाले और मेवे में न्यूट्रिशन का खजाना होता है। इनके सेवन से ही शरीर को कई सारे पोषक तत्व मिलते हैं और एनर्जी भी मिलती है। अगर आप 1 केला और काली मिर्च का सेवन एक साथ करते हैं, तो ये दोनों ही शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। केला जहां गट हेल्थ को सुधारता है, शरीर को ताकत देता है और खून की कमी दूर करता है। काली मिर्च को आयुर्वेद में औषधि मानी गई है। तो इस लेख में हम आपको बताएंगे कि रोजाना एक केला के साथ काली मिर्च खाने से क्या होगा।

**प्रतिदिन 1 केला के साथ काली मिर्च खाने क्या होगा**

– केला में कई सारे न्यूट्रिशन पाए जाते हैं, जैसे कि पोटैशियम, फाइबर, विटामिन–बी6 और विटामिन–सी से भरपूर होते हैं केला। यह कब्ज को दूर करता है, शरीर को ताकत मिलती है, बीपी को कंट्रोल रखता है। गट हेल्थ भी बेहतर रहती है।

– केला खाने से खून की कमी दूर होती है और यह मूड को हैप्पी बनाने में भी मदद करता है।

– काली मिर्च का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट औ? एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### जारी है जय माता दी सेवा समिति का जन सेवा



**दुमका :** प्रत्येक रविवार जय माता दी सेवा समिति दुमका के बैनर तले अध्यक्ष राजेश कुमार राउत के द्वारा अपने घर से स्वनिर्मित भोजन जिसमें राजमा, चावल,अचार इत्यादि गरीब, लाचार, विक्षिप्त, जरूरतमंद लोगों को शहर में कार से घूम-घूम कर लगभग 150 लोगों को भोजन कराया गया. रविवार को भोजन सेवा कार्यक्रम के तहत टाटा शोरूम चौक,धर्मस्थान मंदिर के सामने,वीर कुंवर सिंह चौक,गांधी मैदान इत्यादि स्थानों पर सभी को भोजन कराया गया 'अध्यक्ष श्री राउत ने कहा की इस सेवा से आत्मिक शांति मिलती है, यह सेवा 1 जनवरी 2022 से उनके सुपुत्री की प्रेरणा से प्रारंभ की गई थी. जो माता रानी की कृपा से लगभग रविवार को अनवरत जारी है

साथ ही आज दुर्गा पूजा के अवसर पर श्री अमरा स्थित ब्लाइंड स्कूल एवं हॉस्टल में बड़ो एवं बच्चों के बीच वस्त्र का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष के अतिरिक्त मोनिका देवी, संदीप कुमार जय बमबम, संतोष ठाकुर, सुनीता इत्यादि का कार्य सहयोग रहा.

### बुद्धम शरणं गच्छामि से गूंजा अंबडेकर भवन



**साहिबगंज :** शहर के कुलीपाड़ा, दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में रविवार को दिवंगत अरविंद कुमार राय,अशोक पासवान की शोक सभा सह श्रद्धांजलि सभी हुई।बौद्ध धम्म के उपासक जय नारायण बौद्ध ने बौद्ध धर्म के त्रिपिटक विधि-विधान से दिवंगत का श्राद्ध किया।उपासक के परिवार के सदस्यों के साथ प्रार्थना की।गौतम बुद्ध,संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर व मृतक की तस्वीर के समक्ष मोमबत्तियां प्रज्वलित की।फूल और धूप जलाया।उपासक ने गौतम बुद्ध के संदेश सुनाया।वहीं धम्म अनुसार जीवन जीने का उपदेश भी दिया।वहीं दो मिनट का मौन भी धारण किया गया।इस दौरान अंबेडकर संस्था के मीडिया प्रभारी अनिल पासवान,बलदेव उरांव चंद्रशेखर मरांडी,अनवर अली,अजमत हुसैन, सुभाष पासवान,मानव पासवान,संजय पासवान सत्य प्रकाश,संजीव पासवान,शेखर पासवान,अनिल राय, अनिल रजक,नवल पासवान,मुन्ना पासवान,सोनू पासवान,सतनारयण मंडल,विजय पासवान,छठू रविदास, अनिल राय,बसंती देवी,नीलम कुमारी, अंजू कुमारी,रानू कुमारी,विभीषण पासवान व दिवंगत परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### चोरी के 43 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद स्कूटी छोड़ भगा चोर गिरोह



**साहिबगंज/राजमहल :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर में कुछ लड़कों का एक गिरोह एक स्कूटी में चोरी का मोबाइल रखकर टेंपो स्टैंड के आसपास स्टेशन से आने जाने वाले यात्रियों को बहला फुसला कर चोरी का मोबाइल बेचने का काम कर करते है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए।एक छापेमारी दल का गठन किया गया उक्त छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना का सत्यापन एवं छापामारी कर एक होंडा कंपनी का लाल एक्टिवा जेएच- 18 के 2128 स्कूटी बरामद किया गया। पुलिस दलबल को देखकर स्कूटी सवार भाग गए। जांच क्रम में उक्त स्कूटी के डिक्की से विभिन्न कंपनियों का कुल 43 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने तालझारी थाना कांड संख्या 165/25 धारा 317, 4,317,5,/3,5,भा.न्या.सं. के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है। यह जानकारी रविवार को राजमहल एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस ब्रीफिंग कर दिया है। इस छापामारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर राजमहल राजीव रंजन नितेश कुमार पांडे थाना प्रभारी तालझारी, चिंटू कुमार, मनीष सोरेन, राजाराम सिंह, रमेश मुर्मू पुलिस वालों के जवान शामिल थे।

### डायरिया से एक लोग की मौत

बासुकीनाथ : जरमुंडी प्रखंड के कुरुवा बांधडीह निवासी बालेश्वर राय की मौत डायरिया से हो गई है. मिली जानकारी के अनुसार बालेश्वर राय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी में अपना इलाज हेतु एडमिट था. इलाज के बाद बालेश्वर को डॉक्टर के द्वारा घर भेज दिया गया जहां उसकी मौत हो गई. वहीं दूसरी ओर डायरिया रोग से ग्रसित कुरुवा बांधडीह गांव के निवासी क्रमशः सूर्य देव राय, स्वामी देवी, रूबी देवी,भूलो देवी,काजल देवी, कमली देवी एवं उर्मिला देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी में एडमिट थे जिन्हें अन्यत्र रेफर करने के बजाय डॉक्टर के द्वारा डिस्चार्ज कर दिया गया.

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है : बाबूलाल

संवाददाता

**दुमका :** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा के सौजन्य से रविवार को दुमका संसदीय क्षेत्र (राज्यसभा) में सांसद खेल महोत्सव का ऐतिहासिक और गरिमामयी शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने, उनमें खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की चेतना जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के कर-कमलों द्वारा पर हजारों की संख्या में कार्यकताओं, खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों की मौजूदगी ने माहौल को रोमांच और उत्साह से भर दिया।



नमो साइक्लोथॉन

सुबह 7:00 बजे डीसी चौक से नमो साइक्लोथॉन का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा टावर चौक, गांधी मैदान, म्युनिसिपालिटी चौक होते हुए इंडोर स्टेडियम परिसर तक संपन्न हुई।

साइक्लोथॉन में युवाओं, कार्यकताओं और खेल प्रेमियों की भारी भागीदारी रही। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और नारेबाजी के बीच साइकिल सवारों का स्वागत हुआ। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश लेकर निकला।

फुटबॉल मैच

इसके उपरांत प्रातः 9:00 बजे बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में शानदार फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने अद्भुत खेल कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। दर्शक दीर्घा में मौजूद युवाओं और खेल प्रेमियों ने तालियों और नारों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। यह मैच स्थानीय प्रतिभाओं के लिए अपनी क्षमता दिखाने का सुअवसर बना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत बनाने का माध्यम है। खेल हमें हार-जीत से ऊपर उठकर संघर्ष करना सिखाता है और जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना करने का साहस देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' जैसे अभियानों से युवाओं को नई दिशा मिली है। सांसद खेल महोत्सव इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए दुमका जैसे क्षेत्र के युवाओं को अवसर और पहचान देने का कार्य कर रहा है। दुमका की धरती पर खेल संस्कृति को मजबूत कर हम आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर सकेंगे।‍‍‍ॽ

उन्होंने आगे कहा आज का यह महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह संदेश है कि हमारे युवा राष्ट्र के भविष्य हैं और खेल उनके व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बड़ा साधन है। खेल अनुशासन, भाईचारा और टीमवर्क का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। यही गुण आगे चलकर राष्ट्र को सशक्त और समाज को संगठित बनाते हैं।

दुमका के युवा ऊर्जा, परिश्रम और प्रतिभा से भरपूर हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य इसी ऊर्जा को सही दिशा देना है। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। एक अच्छा खिलाड़ी अपने जीवन में कभी हार नहीं मानता और यही गुण उसे आगे बढ़ाता है। जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया मौके पर पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद,पूर्व सांसद सुनील सोरेन,जिलाध्यक्ष गौरवकांत,सुरेश मुर्मू,अंजुला मुर्मू,अमिता रक्षित,जिला ओलंपिक संघ के सचिव वरुण कुमार,पवन केसरी,विवेकानंद राय,मृणाल मिश्रा,बबलू मंडल,गुंजन मरांडी, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू,पिंटू अग्रवाल,मुकेश कुमार,सोनी हेंब्रम,कामेश्वर गुप्ता,अमित चरण,सुमित शरण,अनुज आर्य,नीतू झा,सुजीत कुमार,पिंटू शाह,वीरेंद्र मरांडी,ममता साह,सुजीत यदुवंशी,अमित नाथ,दीप्तांशु कोचगवे,रूपेश मंडल,अमन राज,ओम केसरी,मनोज साह सहित काफी तादाद में लोग शामिल हुए ।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा न्यायिक हिरासत में



संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** रविवार को राजमहल एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि शनिवार 20 सितंबर को सूचना प्राप्त हुई कि तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलोटोक गांव में एक व्यक्ति कि हत्या कर दी गई है।इस हुए वारदात की घटना की खबर वरीय पदाधिकारी को दी गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के द्वारा सत्यापन एवं करवाई को लेकर राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व मे एक छापेमारी दल का गठन किया गया।सत्यापन उपरांत पाया गया कि ग्राम तेलोटोक के गुहिआ पहाड़िया उम्र करीब 60 वर्ष पिता स्वर्गीय पहाड़िया गांव के प्रधान से आपसी रंजिश थी। गांव की प्रधान की मृत्यु करीब दस दिन पहले हुई थी।मृतक इसका खुशी मना रहा था।और बोला जा रहा था ठीक हुआ प्रधान मर गया।इसी बात को लेकर प्रधान के परिवार के सदस्यों के द्वारा गुहिया पहाड़िया को लाठी डंडा से मारपीट किया गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक गुहिया पहाड़िया के शव को अंत्य परीक्षण हेतु राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेजा गया इस संबंध में मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 132/2025 धारा 103 (2)/3(5) बीएनएस दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।छापेमारी दल के द्वारा इस कांड के दो प्राथमिक पौलुस माल्टो उम्र लगभग 25 वर्ष एवं सुशील माल्टो उर्फ सूरजा पहाड़िया उम्र करीब 19 वर्ष दोनो पता ग्राम टेलोटोक थाना तीनपहाड़ जिला साहिबगंज अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।साथ ही न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।इस छापेमारी दल मे राजमहल सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे,महेंद्र कुमार, शहीद अहमद खान,संजय कुमार,फिरोज खान,मो. मुन्ना,अनिल कुमार पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सभी वार्ड अध्यक्षों को अपनी 12 सदस्यों की कमिटी एक सप्ताह में बनानी होगी : बरकतुल्लाह खान



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला कांग्रेस कार्यालय साहेबगंज में नवगठित वार्ड अध्यक्षो एंव नगर कमिटी की पदाधिकारियों की बैठक नगर अध्यक्ष सतीश कुमार पासवान की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान,नगर पर्यवेक्षक मो कलीमुद्दीन,जिला उपाध्यक्ष बासुकिनाथ यादव उपस्थित हुये।बैठक में जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने वार्ड अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुये विस्तार से बताया की संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत सभी वार्ड अध्यक्षों को अपनी 12 सदस्यों की कमिटी एक सप्ताह में बनानी होगी और साथ उस कमिटी में ही अपने वार्ड के अंर्तगत पड़ने वाले बूथ का एक एक बीएलए भी बनाना है।साथ ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा उठाए गए वोट चोरी मुद्दे को जन जन तक पहुँचाने के लिये 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक हस्ताक्षर अभियान भी चलाने का आह्वान किया,प्रत्येक वार्ड से चार सौ लोगों का हस्ताक्षर कराया जायेगा,जिस के लिये फॉर्म भी उपलब्ध करवाया गया।बैठक में मुख्य रूप से उमेश पांडे, अली कुरैशी, अनुप हर्षवाल, मो.रिजवान, रामविलास यादव, अमित कुमार बॉबी, आफताब आलाम, माणिष प्रताप, शशीधर यादव, मो.मेराजुद्दीन, अमृतन्ज्य यादव, सुनील गुप्ता, रेजाउद्दीन, मजहर खान, तरन्नूम निशा,मो शहजाद,सन्जीत कुमार मंडल, कार्तिक साह, विनोद मंडल, शिव कुमार तांती, रोहन राय, साकीब अंसारी, सन्जीत मंडल, शुभाश कुमार,कमाल उद्दीन, राजकुमार, प्रियांशु कुमार वार्ड अध्यक्षगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कलश स्थापना के बाद हुई मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना

संवाददाता

**साहिबगंज :** शारदीय नवरात्रि 2025 का शुभारंभ 22 सितंबर सोमवार से शुरू हो गया यह पर्व देवी दुर्गा की पूजा और आराधना का महत्वपूर्ण समय है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाती है।मां शारदीय नवरात्रि की शुरूआत कलश स्थापना से होती है।शारदीय नामक नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है।मां शैलपुत्री को सौभाग्य की देवी भी माना जाता है मां की



पूजा से सभी सुख समृद्धि और स्थिरता प्राप्त होती है।माता का जन्म हिमालय पर्वत में हुआ और इसलिए उन्हें मां शैलपुत्री कहा जाता है सैल का अर्थ है।पर्वत मां शैलपुत्री का रूप शक्ति साहस और स्थिरता का प्रतीक है।उन्होंने वृषरूढा और हिमवती नाम से भी जाना जाता है।जबकि साहिबगंज शहर के गोडाबाड़ी हटिया,साउथ कॉलोनी, झरना कॉलोनी,रिफ्यूजी कॉलोनी, कुलीपाड़ा, पुलिस लाइन,साक्षरता मोड,पुरानी साहिबगंज, नॉर्थ कॉलोनी, तलबन्ना, रसूलपुर दहला,और बंगाली टोला सहित जिले के आस पास क्षेत्रों मे में भाव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

# मजदूरों की समस्या को रखने का काम करूंगा : भरत यादव

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर मोर्चा के साहिबगंज जिला ईकाई को मान्यता मिल गई है।इस आशय की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा जारी पत्र में दी गई है।मोर्चा ने भरत यादव को साहिबगंज जिलाध्यक्ष बनाया है।इस संदर्भ मे रविवार को मोर्चा की एक बैठक जिलाध्यक्ष भरत यादव की अध्यक्षता में हुई।जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा हुई।वही भरत यादव ने इसके लिए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह,प्रदेश महामंत्री रघुनंदन प्रसाद विश्वकर्मा,प्रदेश कोषाध्यक्ष रूपलाल महतो को धन्यवाद देते हुए कहा की संगठन ने जिस उम्मीद के साथ मुझे जो ये जिम्मेदारी दी है।मै पूरी निष्ठा और लगन के साथ मजदूरों की समस्या को जिला प्रशासन और राज्य सरकार के समक्ष रखने का काम करूंगा।वही भरत यादव को झारखंड मजदूर मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर शंभु साह,मरियम बेसरा,अशोक दास, दिलीप झा, भिखारी साह आदि ने बधाई दी है।

# सशिवि मंदिर बरहरवा ने विरांगनाओं को तलवार भेंट कर किया सम्मानित

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर एक दिवसीय सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरहरवा में आयोजित हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य एक बड़ी संख्या में महिलाओं को समाज व राष्ट्र हित जैसे कार्यों में आगे लाना, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं को भी समाजिक,राजनीतिक शैक्षणिक जैसे सभी कार्यों में आगे लाना व महिलाओं में सात्विक गुणों का प्रकाश करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।वहीं इस दौरान अतिथि सम्मान,शस्त्र भेंट,समूह गीत,और प्रश्नोत्तरी जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत से प्रवक्ता के रूप में बहन लता व विद्या भारती से जिला संयोजिका बहन हेमा शामिल हुई। इन्होंने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के



संबंध में भारतीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार आजाद ने प्रेरणादायी महिला सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मी बाई जैसी वीरांगनाएं की गाथा सुनाकर महिलाओं में क्रांति लाने का कार्य किया।इस दौरान स.शि.वि. मंदिर बरहरवा के प्रधानाचार्य प्रमोद आजाद,विभाग सह प्रमुख रमेश जी, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री बिरेंद्र यादव,विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य जवाहर भगत,मुख्य अतिथि रीता पासवान व समाजसेवी सुमन कुमार ने बारी-बारी से आचार्य व कार्यक्रम में उपस्थित सभी वीरांगनाएं को शस्त्र के रुप में तलवार भेंट कर सम्मानित किया। सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में बरहरवा, पाकुड़,पाकुड़िया,हिरणपुर,राजमहल, उधवा,साहेबगंज,कोटालपोखर, लालमाटी,जामनगर के स.शि.वि.मंदिर के दीदीगण,प्रधानाचार्य एवं जनजातीय विद्यालय बोरियों,बरहेट,बुआरीजोर की महिला शक्ति शामिल हुई।सभी को अंग वस्त्र देकर बरहरवा विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।मौके पर आचार्य चिंतामणि गोस्वामी,गौरव निराला,सुरेन महतो,शिव,भास्कर, कंचन अंजुला जूली,खुशबू सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।



### एक्ट्रेस ने सुनाया इनरवियर शॉपिंग किस्सा

# मैं तो बदतमीज हूं

बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अहसास चन्ना आज इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं. माय फ्रेंड गणेशा और कभी अलविदा ना कहना जैसी फिल्मों से लेकर कोटा फैक्ट्री और गर्ल्स हॉस्टल जैसे वेब शोज में उनकी एक्टिंग को काफी सराहा जाता है. अहसास एक्टिंग के साथ-साथ अहसास अपनी बेबाक और बिंदास पर्सनैलिटी के लिए भी जानी जाती हैं.

हाल ही में उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इनरवियर शॉपिंग से जुड़ा एक मजेदार और बोल्ड किस्सा शेयर किया, जो अब वायरल हो रहा है. हाल ही में अहसास चन्ना अपनी दोस्त रेवथी पिल्लई के साथ द गुड गर्ल शो में पहुंची थीं. शो के दौरान दोनों ने इनरवियर खरीदने को लेकर बात की. अहसास ने बताया कि उन्हें इन चीजों की शॉपिं करते वक्त कभी भी शर्म नहीं आई. उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे इनरवियर खरीदते वक्त कभी शर्म नहीं आती. मैं तो इतनी बदतमीज हूं कि मैं वहां पहनकर भी देखती हूं कि ये ठीक है न, अच्छी लग रही है न और फिर पूछती हूं कि इसको उतारते कैसे हैं?

### अहसास को देखकर बदली रेवथी की सोच

अहसास की यह बात सुनकर रेवथी ने भी अपना एक्सपीरियंस शेयर किया. उन्होंने बताया कि पहले उन्हें ब्रा सेक्शन में जाने में बहुत शर्म आती थी, लेकिन अहसास के साथ शॉपिंग करने के बाद उनकी सोच बदल गई. रेवथी ने कहा, कोविड के बाद मैं अहसास के साथ शॉपिंग गई थी. जब वो ब्रा सेक्शन में गई तो मुझे बहुत शर्म आ रही थी. अहसास के लिए यह बहुत नॉर्मल था, फिर उसने मेरे लिए भी पूछा. इसके बाद मैं थोड़ी ओपन हुई कि ये कपड़े ही तो हैं, गलत तो कुछ कर नहीं रहे. बता दें कि, अहसास चन्ना पर्दे पर ही नहीं बल्कि, सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरों से फैंस के दिलों का करार लूटती रहती हैं. वह अक्सर अपने बेबाक बयानों को लेकर भी खबरों में छाई रहती हैं.



# फिल्म निर्माताओं पर भड़के अनुराग कश्यप

## मोहित सूरी की तारीफ की

भारतीय सिनेमा में इन दिनों नया चलन चल गया है। वह है री-रिलीज का। पिछले कुछ वर्षों में जहां नई फिल्मों को दर्शकों को आकर्षित करने में संघर्ष करना पड़ा, वहीं पुरानी फिल्में दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में कामयाब रहीं। प्यासा और श्री 420 जैसी फिल्मों से लेकर करण अर्जुन और अंदाज अपना अपना जैसी 90 के दशक की फिल्मों को दोबारा रिलीज किया गया। इन फिल्मों को लोगों ने पसंद किया। इसी से प्रेरित होकर ये जवानी है दीवानी और सनम तेरी कसम जैसी फिल्में फिर से रिलीज की गईं। सोशल मीडिया पर लोगों का मानना है कि बॉलीवुड के पास अब नए विचार नहीं हैं।

### निर्माताओं में दिक्कत है

हालांकि, फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की राय अलग है। एएनआई से बात करते हुए, फिल्म निर्माता ने बताया असली समस्या निर्माताओं के साथ है। लेखकों और निर्देशकों के पास ढेरों नए विचार होते हैं, लेकिन निर्माता ही हैं जो सिर्फ सुरक्षित प्रोजेक्ट्स की तलाश में रहते हैं।

### मोहित सूरी की तारीफ की



अनराग कश्यप ने यह भी बताया ि

। हुइ ब्लॉकबस्टर फिल्म सैय्यारा का जिक्र करते हुए, फिल्म निर्माता ने मोहित सूरी की तारीफ की। उन्होंने कहा कई निर्माताओं के मना करने के बाद भी उन्होंने अपनी फिल्म पर काम किया। अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत यह फिल्म हिट साबित हुई। उन्होंने आगे कहा अब इंडस्ट्री में हर कोई इस बदलाव को एक चलन के रूप में देखेगा। यह झुंड मानसिकता निर्माताओं में है। समस्या उन्हीं में है।

### अनुराग कश्यप का काम

अनुराग कश्यप अपनी अगली फिल्म निशानची की तैयारी कर रहे हैं, जो 2000 के दशक के शुरुआती उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित एक क्राइम ड्रामा है। इस फिल्म में ऐश्वर्या ठाकरे दोहरी भूमिका में हैं। वेदिका पिंटो भी मुख्य भूमिका में हैं। निशानची 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जन्नत जुबैर को वाकई डेट कर रहे एल्विश यादव?



### एल्विश यादव का बर्थडे सेलिब्रेशन

अपने खास दिन पर एल्विश यादव ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में वह शानदार केक के साथ पोज देते दिखे, तो दूसरी में अपनी मां के साथ प्यार भरा पल बिताते नजर आए। दोस्तों के बीच हुई इस पार्टी में माहौल बेहद खुशनुमा रहा। एल्विश ने मजाकिया अंदाज में लिखा–हैप्पी बर्थडे टू मी। यह पोस्ट देखते ही फैंस और करीबी दोस्तों ने उन्हें इस खास दिन के लिए बधाइयां दीं।।

### जन्नत जुबैर का स्पेशल मैसेज

सभी शुभकामनाओं के बीच सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं जन्नत जुबैर ने। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एल्विश को बर्थडे विश करते हुए लिखा–हैप्पी हैप्पी बर्थडे। खास बात यह रही कि जन्नत ने उनके साथ ली गई एक तस्वीर को क्रॉप कर साझा किया। इस पर एल्विश ने भी मजेदार अंदाज में सिर्फ हाथ मिलाने वाला इमोजी भेजा।

**एल्विश** यादव के जन्मदिन के मौके पर उनकी दोस्त जन्नत जुबैर ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। इसके बाद दोनों को एक बार फिर साथ में जोड़े जाने लगा। पॉपुलर यूट्यूबर एल्विश यादव आज यानी 14 सितंबर को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। ऐसे में उनके फैंस और चाहने वाले उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसी बीच करीबी दोस्त जन्नत जुबैर ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। जन्नत की बर्थडे विश के बाद एक बार फिर से दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है। क्या है पूरा मामला, चलिए जानते हैं।



# कार्तिक-अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...' की नई रिलीज डेट का हुआ एलान

**इस साल का आखिरी दिन मूवी लवर्स के लिए खास रहने वाला है। वजह है कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा...', जिसकी रिलीज डेट अब प्रीपोन हो गई है। जहां पहले फिल्म 13 फरवरी 2026 यानी वेलेंटाइन डे पर आने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसे 31 दिसंबर 2025 को रिलीज करने का फैसला किया है। यानी इस फिल्म को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा।**

कार्तिक और अनन्या ने फैंस के साथ पोस्ट शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि साल का आखिरी दिन हमारे साथ बिताइए, क्योंकि हमारी फिल्म नए साल से ठीक पहले सिनेमाघरों में आ रही है। साल खत्म होगा लेकिन प्यार की नई शुरुआत होगी। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म की रैप पार्टी की एक तस्वीर भी शेयर की, जिसमें वह और अनन्या पांडे साथ नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग कई खूबसूरत जगहों पर हुई है। एक ओर यूरोप का लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशन क्रोएशिया, वहीं दूसरी ओर भारत का ऐतिहासिक और रंगीन राज्य राजस्थान- दोनों जगहों की झलक दर्शकों को इस फिल्म में देखने को मिलेगी। ट्रेलर और तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि कहानी में रोमांस, कॉमेडी और इमोशन का मिश्रण देखने को मिलेगा।

# सौरव गांगुली निर्विरोध बनेंगे सीएबी अध्यक्ष, फैसला आज

एजेंसी

कोलकाता : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली एक बार फिर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध लौटने जा रहे हैं। सोमवार को यहां होने वाली वार्षिक आमसभा में गांगुली की अगुवाई वाला पूरा पैनल निर्विरोध चुना जाएगा। हालांकि उनका यह दूसरा कार्यकाल पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि हाल के महीनों में एसोसिएशन वित्तीय अनियमितताओं और साख पर उठे सवालों से जूझ रहा है। गांगुली के साथ सचिव पद पर बबलू कोलाय, संयुक्त सचिव मदन मोहन घोष, कोषाध्यक्ष संजय



दास और उपाध्यक्ष अनु दत्ता भी निर्विरोध चुने जाएंगे। गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की जगह लेंगे जिन्हें लोढ़ा समिति की सिफारिशों के तहत छह वर्ष की सीमा पूरी होने के कारण पद छोड़ना पड़ा। सीएबी की छवि हाल के समय में विवादों से प्रभावित हुई है। वित्त समिति के सदस्य सुब्रत साहा को हितों के टकराव के मामले में दोषी पाए जाने पर दो लाख रुपये का जुमार्ना और सभी उप-समितियों से प्रतिबंधित किया गया था। अगस्त में संयुक्त सचिव देबब्रत दास को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में छह महीने के लिए निलंबित किया गया। गांगुली ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा था, ह्लहर संस्था में समस्याएं आती हैं, भविष्य में भी यदि कोई मुद्दा सामने आएगा तो उसे उचित तरीके से सुलझाया जाएगा। ह्व उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में रणजी ट्रॉफी टीम को मजबूती देने, बंगाल प्रो टी-20 लीग को आगे बढ़ाने, महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देने और जमीनी ढांचे को विकसित करने को प्राथमिकता बताई है। गांगुली के सामने पहली बड़ी जिम्मेदारी ईडन गार्डन्स पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवम्बर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच की मेजबानी होगी। यह ऐतिहासिक मैदान 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ हुए पिंक बॉल टेस्ट के बाद पहली बार टेस्ट का गवाह बनेगा। इसके अलावा अगले वर्ष होने वाले टी-20 विश्वकप के नॉकआउट मैचों की मेजबानी की भी संभावना है। गांगुली 28 सितम्बर को बीसीसीआई की वार्षिक आमसभा में सीएबी का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बीच बीसीसीआई में भी नए अध्यक्ष का चुनाव होना है, ऐसे में गांगुली की भूमिका फिर अहम हो सकती है। इसके साथ ही गांगुली को प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ कोचिंग का संतुलन भी साधना होगा। उन्हें दिसंबर से जनवरी तक दक्षिण अफ्रीका में होने वाली एसए20 लीग में

## प्रो कबड्डी लीग : यूपी योद्धाज का आज तमिल थलाइवाज से सामना

**जयपुर** : प्रो कबड्डी लीग के सीजन 12 में आज रात यूपी योद्धाज का सामना तमिल थलाइवाज से होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में होने वाले इस मैच में यूपी की टीम जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। टीम ने चार मैचों में हार के साथ एक चुनौतीपूर्ण दौर का सामना किया है, लेकिन टीम ने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन किया है जिससे यह संकेत मिलता है कि टीम वापसी करने की स्थिति में है। रक्षात्मक रूप से मजबूत टीम अपनी ताकत को मैदान पर परिणामों में बदलने की कोशिश करेगी। टीम अंक तालिका में 6 मैचों मे दो जीत और चार हार के साथ दसवें नंबर पर है। मैच से पहले टीम के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने गलतियां कम करने पर जोर दिया। उन्होंने एक बयान में कहा, ़हम कई मैचों में काफी करीबी रहे हैं, लेकिन छोटी-छोटी गलतियों को कम करने की जरूरत है। अगर हमारी रेडिंग और डिफेंसिव दोनों ही अच्छी तरह से काम करती हैं, तो हमें बेहतर नतीजे मिलने का पूरा भरोसा है। खिलाड़ियों का प्रयास जबरदस्त रहा है और हम इसे नतीजों में बदलने के लिए काम कर रहे हैं।

# एशिया कप 2025: भारत ने पाकिस्तान को लगातार दूसरी बार हराया, सुपर-4 में 6 विकेट से दी मात

एजेंसी

**दुबई** : एशिया कप 2025 के सुपर-4 राउंड में में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को लीग मुकाबले के बाद फिर पटखनी दी है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 गेंद शेष रहते 6 विकेट से मात दी। पाकिस्तान की ओर से मिले 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज की। युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने केवल 39 गेंदों में 74 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 5 छक्के और 6 चौके शामिल थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उप-कप्तान शुभमन गिल ने 28 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 47 रन जोड़े, जबकि तिलक वर्मा ने 19 गेंदों पर



नाबाद 30 रन बनाकर जीत पक्की की। तिलक ने अपनी पारी में 2 चौके और 2 छक्के लगाए। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 2 विकेट झटके, जबकि अबरार अहमद और फहीम अशरफ को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, पाकिस्तान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 171 रन बनाए। साहिबजादा फरहान ने 45 गेंदों में 58 रनों की ठोस पारी खेली। वहीं सैम अय्यूब ने 21 रन, फहीम अशरफ ने 8 गेंदों पर नाबाद 20 रन और कप्तान सलमान आगा ने नाबाद 17 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से शिवम दूबे सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या को 1-1 सफलता मिली। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सुपर-4 में दमदार शुरूआत की है और फाइनल की राह पर महत्वपूर्ण कदम बढ़ा लिया है।

# मप्रः मुख्यमंत्री आज व्यापारियों से करेंगे संवाद जीएसटी दरों में कटौती के बारे में देंगे जानकारी

- स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सभी को डिजिटल पेमेंट प्रणाली से जुड़ने का देंगे संदेश



**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सोमवार को भोपाल के ऐतिहासिक 'चौक बाजार में' नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी के प्रचार अभियान में शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे भवानी मंदिर, सोमवारा चौक पर होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जीएसटी प्रचार अभियान का स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शारदीय नवरात्र की घट स्थापना अवसर पर यहां कर्फ्यू वाली माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर शुभाशीष प्राप्त करेंगे।

इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव चौक बाजार में ही पुलिस चौकी से दीपाली साड़ी प्रतिष्ठान तक पैदल भ्रमण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री बाजार में खरीददारी करने आये ग्राहकों और व्यापारियों से जीएसटी के बारे में चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व्यापारियों को जीएसटी रेजोल्यूशन की प्रतियां वितरित करेंगे और व्यापारियों को समझाइश देकर जीएसटी को लेकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रचार अभियान के दौरान स्वदेशी हैंडलूम्स और खादी कपड़े से बने परिधानों की खरीददारी करेंगे। साथ ही विभिन्न भुगतान माध्यमों के बारे में जानकारी देकर आमजन को डिजिटल पेमेंट प्रणाली अपनाने का संदेश भी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह 3 बजे मोतीलाल मन्नूलाल धर्मशाला पहुंचेंगे, जहां वे व्यापारिक, वाणिज्यिक एवं सामाजिक संगठनों के करीब 300 प्रतिनिधियों से रूबरू होकर संवाद करेंगे। संवाद के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती किए जाने से क्रेता-विक्रेता को होने वाले लाभों की जानकारी दी जायेगी।

## 30 सितम्बर तक शासकीय सेवकों को ई-केवाईसी करना अनिवार्य

**एजेंसी**

**बलरामपुर :** राज्य शासन द्वारा समस्त शासकीय सेवकों को एम्प्लॉयी कार्नर ऐप एम्प्लॉयी कार्नर पोर्टल के माध्यम से कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल पर अपना प्रोफाईल अद्यतन करने की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इसके तहत शासकीय सेवकों द्वारा इस मॉड्यूल के उपयोग हेतु उनका ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में संचालक कोष एवं लेखा द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार सभी कार्यालय को इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु लेख किया गया था, परन्तु आज तिथि तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। भविष्य में शासकीय सेवकों के प्रोफाईल विवरण ई-केवाईसी का उपयोग वेतन आहरण हेतु किया जाना प्रस्तावित है एवं जिनका ई-केवाईसी हो गया है, उनका संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा चेकर लॉगिंग से वेरिफाइड किया जाना आवश्यक है, तभी ई-केवाईसी कार्य अपडेट होगा। उक्त कार्य 30 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस सम्बंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का ई-केवाईसी अपडेट निर्धारित तिथि तक करना सुनिश्चित करें। पूर्णता के अभाव में भविष्य में वेतन आहरण में समस्या हो सकती है। साथ ही ई-केवाईसी अपडेशन पूर्णता प्रमाण पत्र माह 30 सितम्बर तक जिला कोषालय कार्यालय बलरामपुर को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

## रोशनी को तरस रहा बलरामपुर पार्क, सुरक्षा पर उठे सवाल



**एजेंसी**

**बलरामपुर :** बलरामपुर स्थित शहर के हृदय स्थल पर शहीद पार्क इन दिनों अंधेरे और उपेक्षा का प्रतीक बनता जा रहा है। करीब 50 लाख रुपये की लागत से बने इस भव्य पार्क में नागरिकों को शांत वातावरण और सुंदर परिवेश का अनुभव देने की मंशा थी। रोशनी व्यवस्था के लिए अतिरिक्त 15 लाख रुपये खर्च किए गए थे। परंतु अब यहां की लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे पूरा पार्क शाम होते ही घने अंधेरे में डूब जाता है। उल्लेखनीय है कि, बलिदान पार्क की रंग-बिरंगी लाइटें कभी जिले भर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र थीं। लगभग दो वर्ष पूर्व बने इस पार्क की रोशनी व्यवस्था बेहद कम समय में खराब हो गई, जिससे बलिदानियों की स्मृति को समर्पित यह स्थल अब उपेक्षा का शिकार हो गया है।नागरिकों ने जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि पार्क की गरिमा स्थापित हो सके। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रणव राय ने आज सोमवार को कहा है कि, पार्क की लाइटनिंग को सुधारने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। स्थानीय पार्षद अमित गुप्ता मंटू ने बताया कि, अंधेरे के कारण न सिर्फ टहलने आने वाले लोगों को परेशानी होती है, बल्कि असामाजिक तत्वी और जहरीले

## मप्रः राज्यपाल पटेल आज ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**एजेंसी**



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सोमवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा वे अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल पटेल प्रातः 11 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय पहुँचकर दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगे। इसके बाद व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जाएंगे। राज्यपाल पटेल अपरान्ह 2 बजे सड़क मार्ग द्वारा मुरैना जिले में स्थित करह धाम जाएंगे। यहाँ पर पूंजा-अर्चना करने के बाद अपरान्ह 2.40 बजे मुरैना जिले के ग्राम धनेला पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अपरान्ह लगभग 4.20 बजे वापस व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँचकर विश्राम करेंगे। राज्यपाल पटेल व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पर सायंकाल 5 बजे सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के जन जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम में भाग लेने और सिकल सेल मरीजो को कार्ड वितरित करेंगे।

### आपदा राहत कार्य हेतु अखाड़ा परिषद ने मुख्यमंत्री को सौंपी 34 लाख की सहयोग राशि

**हरिद्वार :** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से आज डामकोठी में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर परिषद द्वारा हाल ही में उत्तराखण्ड में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष में ?34 लाख की सहयोग राशि प्रदान की गई।परिषद ने एक आपदा ग्रस्त गांव को गोद लेने की भी घोषणा की। संतों ने मुख्यमंत्री धामी के ग्राउंड जीरो पर जाकर प्रभावितों से सीधे संवाद करते हुए और राहत कार्यों की स्वयं निगरानी करने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों के बीच पहुंच कर दुख दर्द बांट रहे है तथा मुख्यमंत्री ने प्रत्येक प्रभावित परिवार को भरोसा दिलाया है कि सरकार संकट की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अखाड़ा परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की सेवा परंपरा में साधु-संत समाज का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। आपदा के इस कठिन समय में संत समाज का सहयोग न केवल पुनर्निर्माण में सहायक है, बल्कि यह प्रभावित लोगों के लिए आशा और संबल की किरण भी बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु समाज का यह प्रयास अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा दायक है।

### रीवा में राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता आज से, उप मुख्यमंत्री शुक्ल करेंगे शुभारंभ

**रीवा :** मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज (सोमवार) से रीवा में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 26 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ आज उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी रामराज प्रसाद मिश्र ने बताया कि 17 वर्ष तक आयु के बालक और बालिका वर्ग में वालीबाल प्रतियोगिता में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, शहडोल तथा रीवा संभाग की टीमें और जनजातीय कार्य विभाग की टीम शामिल होगी। उन्होंने बताया कि शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक एवं तीन के मैदान में दोपहर 2 बजे से आयोजित प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर प्रतिभा पाल, नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे तथा जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नवरात्रि की सुबह साझा किया अपना लिखा पूजा गीत

**एजेंसी**



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार सुबह प्रतिपदा के अवसर पर शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए अपना लिखा और स्वरबद्ध किया हुआ नया पूजा गीत जनता के साथ साझा किया। सोमवार सुबह माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लिखा कि शरद ऋतु के नीले आकाश में मां दुर्गा का आगमन हो रहा है। इसी शुभक्षण पर उन्होंने सभी को प्रतिपदा की हार्दिक बधाई दी और कहा कि इस आनंदमय दिन पर वे अपना नया गीत लोगों तक पहुंचा रही हैं।

ममता बनर्जी का यह गीत दुर्गा पूजा की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को दशार्ता है। बंगाल में शारदीय दुर्गोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव का भी रूप है। मुख्यमंत्री के इस नए गीत को इसी परंपरा से जोड़कर देखा जा रहा है। इसमें उन्होंने देवी दुर्गा के स्वागत और उत्सव को लेकर तारतम्य किया है। उल्लेखनीय है कि महालय की सुबह भी उन्होंने अपना लिखा एक गीत शेयर किया था।

## शारदीय नवरात्र में काशीपुराधिपति की नगरी आदि शक्ति के भक्ति में लीन

**एजेंसी**



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी)शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार से ही आदिशक्ति की भक्ति में लीन है। काशीपुराधिपति की नगरी में परम्परानुसार श्रद्धालुओं ने अलईपुर स्थित आदिशक्ति मां शैलपुत्री के दरबार में आधीरात के बाद हाजिरी लगाई। माता रानी का दर्शन पूजन कर लोग आह्लादित दिखे। दरबार में लोग रात तीन बजे के बाद से ही दर्शन पूजन के लिए पहुंचने लगे थे। मंदिर परिक्षेत्र के बैरिकेडिंग में लगी कतार में खड़े श्रद्धालु माता रानी के प्रति श्रद्धा का भाव दिखाते रहे। दरबार में कतारबद्ध श्रद्धालु अपनी बारी का इन्तजार मां का गगनभेदी जयकारा लगाकर करते रहे। महिलाएं दरबार में संतति वृद्धि, श्री समृद्धि, अखण्ड सौभाग्य की कामना माता रानी से करती रही। मंदिर में आईं महिला श्रद्धालुओं के चलते आसपास मेले जैसा दृश्य नजर आ रहा था। मंदिर के पास पूजा साम्रगी, नारियल, चुनरी, अड़हुल की अस्थायी दुकानों पर महिलाओं की भीड़ पूजन सामग्री खरीदने के लिए जुटी थी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन 10 दिन तक आदि शक्ति के भक्ति और आराधना का संकल्प लेकर (अभिजीत मुहूर्त) में घरों में कलश स्थापना किया गया। घरों और देवी मंदिरों में अलसुबह से ही दुर्गा चालीसा स्तुति, सप्तशती, चण्डी पाठ, आरती के मंत्र फिजाओं में गूंजने लगे। सूर्य की पहली किरणों के लालिमा में देवी के जयकारा और घंट घड़ियाल बजने, चंहुओर धूप अगरबत्ती, हवन से निकलने वाले धुएं से पूरा माहौल देवीमय है। नवरात्र के पहले दिन दुगार्कुण्ड स्थित भगवती कुष्माण्डा, महालक्ष्मी मंदिर लक्ष्मीकुण्ड लक्सा, रामनगर स्थित दुगार्मंदिर सहित सभी प्रमुख और छोटे बड़े मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु जुटे रहे। लोगों ने दरबार में नारियल, चुनरी मां को अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की।

## स्टॉक मार्केट में टेक डिफेंस लैब्स की धांसू एंट्री, लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** साइबर सिक्योरिटी फर्म टेक डिफेंस लैब्स सॉल्यूशंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 193 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 366.70 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इस शेयर की चाल में और तेजी आ गई, जिसके कारण थोड़ी ही देर में ये उछल कर 385 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। टेक डिफेंस लैब्स सॉल्यूशंस का 38.99 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 718.30 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 284.17 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1,279.03 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 726.06 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 20,20,200 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने ह्यूमन रिसोर्स में निवेश करने, अहमदाबाद में ग्लोबल सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर का सेटअप करने वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 94 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 3.24 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 8.40 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 99 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 30.23 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें, तो यह वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में ये 1.55 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 4.79 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में उछल कर 16.68 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### महालया की रात न्यूटाउन में हादसा, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी की मौत

**कोलकाता :** कोलकाता के न्यूटाउन ईको पार्क के गेट नंबर दो के पास रविवार रात एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ज्योतिष देबनाथ (40 वर्ष) की मौत हो गई। हादसा रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक ज्योतिष देबनाथ ईको पार्क थाने में तैनात थे। रविवार रात वह साइकिल से गश्त कर रहे थे। उनके साथ एक अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। उसी समय चिनार पार्क की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक मोटरसाइकिल ने नियंत्रण खोकर खड़े ज्योतिष को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ज्योतिष और उनके साथी दोनों सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने ज्योतिष को मृत घोषित कर दिया। उनके साथ मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी घायल हैं और फिलहाल इलाज चल रहा है। घटना के बाद से ही पुलिस फरार बाइक चालक की तलाश में जुट गई है। बिधाननगर पुलिस के डीसी (न्यूटाउन जोन) मानव सिंगला ने कहा, ह्लपूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में

**प्रयागराज :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वां राष्ट्रीय अधिवेशन केशव विद्यापीठ जयपुर में 5 से 7 अक्टूबर तक होगा। जिसमें शैक्षिक संगोष्ठी भी होगी और शिक्षा को लेकर वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के माध्यमिक संवर्ग के महामंत्री डॉ संतोष शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा निदेशक से मिलकर उक्त अधिवेशन हेतु प्रतिभागी शिक्षक पदाधिकारियों हेतु अवकाश के लिए विगत दिनों आग्रह किया था। डॉ संतोष शुक्ल ने बताया कि इस सम्बन्ध में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक, उत्तर प्रदेश सुरेंद्र तिवारी ने केवल प्रतिभागी शिक्षकों को विशेष अवकाश के सम्बन्ध में आदेश उत्तर प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को जारी किया है। प्रदेश महामंत्री डॉ शुक्ल ने निदेशक एवं अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक के प्रति हार्दिक कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर डॉ पवन, डॉ योगेंद्र सिंह, डॉ राधाकृष्ण, श्रीमती सीमा सिंह, डॉ अभिषेक मिश्र, शुभेन्दु मिश्र, राजकुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रयागराजः सड़क हादसे में कानपुर के चार की मौत,तीन घायल

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित सोरांव थाना क्षेत्र के विगहिया गांव के पास हाइवे रविवार रात हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि हादसे में सुरेश सैनी और सुरेश की पत्नी, सुरेश बाजपेई, राम सागर अवस्थी की मौत हुई है। हादसे में घायल तीन लोगों को उपचार के लिए स्वरुपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि कानपुर के मूसानगर विलौली से पिण्ड दान करने के लिए बोलेरो से गया गए थे। वहां से पिंडदान कर सभी लोग कानपुर के लिए वापस जा रहे थे। रविवार रात सोरांव थाना क्षेत्र में बिगहिया गांव के समीप हाइवे पर गाड़ी खराब हो गई। रात होने की वजह से गाड़ी खड़ी करके कार के आगे हो गए। रात में किसी बड़े वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्काल सभी लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। तीन लोगों का उपचार जारी है। हादसे की सूचना परिवार को दे दी गई है। आगे की कार्रवाई परिवार के आने के बाद की जाएगी।

### नोएडा के चार प्रमुख जगहों पर आज रात से गणेश पूजा से शुरू होगी रामलीला

**गौतम बुद्ध नगर :** नोएडा शहर में आज से प्रमुख रूप से चार स्थानों पर रामलीलाएं शुरू हो रही है। इसके लिए सभी रामलीला मैदानों में मंच बनकर तैयार हो चुके हैं। रामलीला के कलाकर भी नोएडा पहुंचकर अभ्यास कर रहे हैं। सोमवार शाम को गणेश वंदना के बाद रामलीलाएं शुरू होगी। नोएडा स्टेडियम की रामलीला सेक्टर-21 नोएडा स्टेडियम में आज से रामलीला शुरू होगी। इसमें मुख्य अतिथि सांसद डा. महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह रहेंगे। सोमवार शाम सात बजे पहले गणेश वंदना होगी। इसके बाद नारद मोह का प्रसंग होगा। स्टेडियम में श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि रामलीला के मंचन के लिए दो मंजिल का महल बनकर तैयार हो चुका है। इसके अलावा कलाकारों ने भी अभयास शुरू कर दिया है। पहले दिन से ही काफी भव्य मंचन होगा। सेक्टर-62 सी ब्लॉक की रामलीला सेक्टर-62 के सी ब्लॉक के रामलीला मैदान में श्री राम मित्र मंडल द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अथिति विधायक पंकज सिंह रहेंगे। सोमवार शाम सात बजे गणेश वंदना होगी। इसके बाद रामलीला में भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को कथा सुनाने का प्रसंग होगा। फिर किस तरह राक्षस पृथ्वी पर अत्याचार कर रहे हैं, इसका प्रसंग होगा। समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि रामलीला के सभी कलाकार सेक्टर-55 के सामुदायिक केंद्र में आ गए है और अभ्यास शुरू कर दिया है। सेक्टर-107 महर्षि आश्रम की रामलीला सेक्टर-107 महर्षि आश्रम की रामलीला मैदान में भी रामलीला मंचन की तैयारी पूरी हो चुकी है। रामलीला के पहले दिन सोमवार को गणेश वंदना और गुरु पूजा के बाद रामलीला शुरू होगी। महर्षि स्थान द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। महर्षि रामलीला समिति के वरिष्ठ प्रबंधक शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि विधि-विधान से पूजा अचार्ना होने के बाद रामलीला में रामजन्म का बहुत ही भव्य रूप से मंचन किया जाएगा। इसके बाद ताकड़ा वध, मारीच सुबाहु का प्रसंग किया जाएगा। सेक्टर-46 मैदान में रामलीला सेक्टर-46 में रामलीला मैदान में सोमवार को रामलीला के पहले दिन गणेश पूजा होगी। श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल और मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने बताया कि पहले दिन दशरथ समबरासुर युद्ध, कैकई द्वारा राजा दशरथ के प्राणों की रक्षा, दशरथ द्वार कैकई को दो वर देने का वचन और दशरथ दरबार व पुत्रेष्टि यज्ञ का प्रसंग होगा।

### मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार, गोली लगी

**फिरोजाबाद :** थाना शिकोहाबाद व एसओजी टीम ने रविवार की देर रात्रि एक अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ शिकोहाबाद प्रवीण तिवारी ने बताया कि थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत 02 शातिर लुटेरे लूट की घटना करने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने छीछामई नहर पुल पर सघन चैकिंग अभियान चलाया तभी एक मोटरसाईकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस टीम ने रोका तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सूरजीत उर्फ सीटू पुत्र दाऊ दयाल निवासी नगला कन्हई थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। सीओ ने बताया कि फरार अभियुक्त अजय निवासी फतेहपुर थाना शिकोहाबाद की तलाश में पुलिस टीम द्वारा कांबिंग की जा रही है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ के 16 जिलों में गरज - चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट जारी

**रायपुर :** मौसम विभाग ने आज (सोमवार ) छत्तीसगढ़ के बलरामपुर, सरगुजा, रायगढ़, बलौदा बाजार, नारायणपुर, सुकमा और दंतेवाड़ा सहित 16 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आज हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक से दो दिनों में छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि दक्षिण-पश्चिम दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा भटिंडा, फातिमाबाद, पिलानी, अजमेर, दीसा, भुज से होकर गुजर रही है। वहीं उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण, जो औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है, बना हुआ है। इसके प्रभाव से 25 सितंबर के आसपास पूर्वी मध्य और उससे सटे उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक और नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए, इसके 26 सितंबर के आसपास दक्षिण ओडिशा-उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक अवदाब में बदलने की प्रबल संभावना है।मौसम विभाग ने बताया कि, प्रदेश के कई हिस्सों में मानसून जाते-जाते जमकर तांडव मचा सकता है और तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आने वाले दो दिनों तक प्रदेश के बलरामपुर-सरगुजा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी और बेमेतरा जिलों में बिजली गिरने का खतरा है। ऐसे में मौसम विभाग ने जनता से अपील की है कि, बिना किसी अति आवश्यक कार्य के घर से ना निकले। मौसम विभाग ने आगे कहा कि, जो भी लोग बाहर है वो बारिश होने और बिजली कड़कने पर किसी खुले स्थान पर ना रहे। प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई।राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक वर्षा 60.0 मिमी दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया।

न्यूज IN ब्रीफ

## बकरी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रधान पुजारी रहे आचार्य हरि नंदन मिश्र की पूजा पद्धति विशिष्ट रही है



**ज्योति पाठक** : रांची की दुर्गा पूजा अपने आप में अलौकिक है सभी पूजा पंडाल अपनी-अपनी विशिष्ट शान और पहचान रखते हैं, इसी कड़ी में अपर बाजार स्थित बकरी बाजार में भारतीय युवक संघ पूजा पंडाल अपने विशेष पूजा अर्चना, आकर्षक सजावट और बेहतर विधि व्यवस्था में अपनी दमदार पहचान रखता है। इस स्थल पर दुर्गा मंदिर के प्रधान पुजारी विद्वान आचार्य हरिनंदन मिश्र इस पूजा पंडाल में पूजा अर्चना कराते रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से अस्वस्थ रहने के कारण मंदिर व पंडाल नहीं आ पाते किन्तु इनके योगदान को आज भी पूजा समिति के लोग याद करते हैं, आचार्य श्री मिश्र कई वर्षों से मंदिर तथा पंडाल से जुड़े रहे और निरंतर अपने सकारात्मक सहयोग देते रहे हैं। आज भी इन्हें लोग श्री मिश्र के पूजा पद्धति को साझा करते हुए बताते हैं कि इस मंदिर और पूजा पंडाल से उनका आत्मीय लगाव है और वे इस समिति से जुड़े लोगों से अपनत्व, लगाव और स्नेह रखते हैं, भले ही आज श्री मिश्र बढ़ती उम्र और अस्वस्थता के कारण यहां नहीं आ पाते किंतु उनकी सेवा और समर्पण को लोग आज भी याद करते हैं।

## पीएम मोदी पर प्रेरणादायक प्रदर्शनी का अन्नपूर्णा देवी ने किया उद्घाटन



**कोडरमा** : भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को कोडरमा रेलवे परिसर के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं कार्यों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। इस अवसर पर कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष व संयोजक नितेश चंद्रवंशी ने किया उद्घाटन के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बचपन से लेकर वर्तमान तक उनके जीवन के हर पहलू को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया है। डॉ नीरा यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बना और जीएसटी सुधार जैसे कदम आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक साबित हुए हैं। विधायक अमित यादव ने कहा कि युवाओं, महिलाओं और किसानों के हित में कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम संयोजक नितेश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री मोदी को देश का राष्ट्रीय पुरुष बताते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। प्रदर्शनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी शहरवासियों के लिए कम से कम एक सप्ताह तक खुली रहेगी। कार्यक्रम में डॉ नरेश पंडित, रवि मोदी, प्रकाश राम, देवनारायण मोदी, गोपाल कुमार गुतूल, चंद्रशेखर जोशी, सुनील बड़गावे, जयप्रकाश राम सुनीति सेठ, रीता लोहानी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीवीसी केटीपीएस में निखिलेश यादव को सर्वोत्तम सुरक्षा कर्मचारी पुरस्कार

कोडरमा : डीवीसी केटीपीएस में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए निखिलेश यादव, कनिष्ठ अभियंता (यांत्रिक), पीडब्ल्यूएस को केटीपीएस का सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा कर्मचारी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान मनोज कुमार ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख द्वारा ओआरटी बैठक के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए श्री तपस मिर्धा, महाप्रबंधक (एएमएस), अमन ज्योति, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) सहित वरिष्ठ अधिकारी और केटीपीएस सुरक्षा टीम की उपस्थिति रही। पुरस्कार समारोह ने सुरक्षा बिरादरी में गर्व और उत्साह का माहौल उत्पन्न किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डीवीसी केटीपीएस टीम से नवीन कुमार ने किया। निखिलेश यादव की मेहनत और समर्पण ने सुरक्षा मानकों को ऊँचा उठाया, और यह सम्मान उनके निरंतर योगदान का प्रतीक बन गया।

## लोयोला स्कूल टेल्को के मुक्केबाजों ने जीते पांच पदक

**जमशेदपुर** : मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित क्राइस्ट चर्च डायोसीसन हाई स्कूल में 18-20 सितंबर तक सीआइएससीइ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें लोयोला स्कूल टेल्को के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक अपने नाम किये। अंडर-14 बालिका वर्ग में निशु ऑरसन ने स्वर्ण व कौशिकी कुमारी ने रजत पदक अपने नाम किया। अंडर-14 बालक वर्ग में शान मुर्मू ने स्वर्ण और इमोन मित्रा ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर17 बालिका वर्ग में शांभवी मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया। पदक विजेता शान मुर्मू ने एसजीएफआइ टूनामेंट के लिए पात्रता हासिल कर ली है। प्रतियोगिता में कुल 376 बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने कोच कार्तिक महतो की देखरेख में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या चरनजीत ओहसन, प्रशासक फादर जेरी, समन्वयक रेश्मा रॉड्रिग्स, जीनत मारिया, कोलीन फ्रांसिस ने विजेओं को बधाई दी।

## बागबेड़ा में मारपीट का मामला दर्ज

**जमशेदपुर** : बागबेड़ा थाना अंतर्गत गांधीनगर दुर्गा मंदिर के पास रहने वाली सीता देवी के बयान पर थाने में मारपीट का का मामला दर्ज कराया है। मारपीट का आरोप दीपक तिवारी उर्फ काना समेत अन्य पर लगाया गया है। शिकायत के अनुसार घटना 18 सितंबर की रात 11 बजे की है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह घर पर थी। तभी दीपक अपने अन्य साथियों के साथ घर में घुस गया और मारपीट करने लगा। इस घटना में उसे चोट आई है। इधर, शिकायत दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

### बैद्यनाथ धाम में नवरात्र का शुभारंभ

# शैलपुत्री पूजन संग भक्तिमय हुआ बाबा धाम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**संवाददाता**

**देवघर:** सोमवार से शारदीय नवरात्र का आरंभ हो गया है। नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा हुई। धार्मिक परंपरा के अनुसार इस वर्ष माता का आगमन हाथी पर हो रहा है, जिसे सुख-समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना गया है। इस पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम सहित पूरे देवघर नगर में आस्था का अद्भुत उत्सव देखने को मिल रहा है। नवरात्र की प्रथम तिथि पर सोमवार सुबह से ही बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आसपास के जिलों और ग्रामीण अंचलों से आए हजारों श्रद्धालु माता दुर्गा और भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन दिखाई दिए।

विशेष अनुष्ठान के साथ संपन्न होगा पूजा

मंदिर के पुजारी अंकित बाबा ने बताया कि नवरात्रि के पूरे दस दिनों तक बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। माता रानी की पूजा तांत्रिक विधि से संपन्न होगी,



जिसमें सम्मिलित भक्तों पर दिव्य अनुग्रह की वर्षा होती है। वहीं, मंदिर के वरिष्ठ पुजारी बाबा लंबोदर परिहस्त ने कहा कि प्रतिदिन हवन के साथ मंदिरों में विशेष पूजा होगी। इसके बाद सप्तमी और अष्टमी के दिन मंदिर का पट बंद कर दिया जाता है और फिर विशेष अनुष्ठान के साथ पूजा संपन्न हो जाता है।


भोलेनाथ-माता शक्ति का एक साथ होता है दर्शन

श्रद्धालुओं का कहना है कि बैद्यनाथ धाम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यहां भगवान भोलेनाथ का ज्योतिर्लिंग तथा शक्ति पीठ दोनों विराजमान हैं। यही कारण है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां भक्तों की असाधारण भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि में यहां भोलेनाथ और माता शक्ति की संयुक्त आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्र की गूंज से बाबा नगरी का कण-कण भक्ति और आस्था से सराबोर है। मंदिर परिसर में हर ओर घंटियों की ध्वनि, मंत्रोच्चार और जयकारों से वातावरण गूंजायमान हो उठा है। दुर्गा पूजा के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी सौरव कुमार ने मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## चाईबासा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने लोगों को किया जागरुक



**संवाददाता**

चाईबासा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक श्रीमती संतोषनी मुर्मू के द्वारा नगर परिषद में बेहतर सफाई व्यवस्था और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वयं सड़क पर उतरकर बेहतर साफ सफाई और जागरूकता अभियान चला कर एक बेहतर संदेश दिया है। प्रशासकश्रीमती मुर्मू का स्पष्ट मानना है कि हम अगर बेहतर तरीके से स्वच्छता के प्रति हम जागरूक हो तो पूरा माहौल इसी तर्ज पर चलता है इसलिए हमें यह चाहिए कि हम बेहतर सफाई व्यवस्था से जनजीवन को बेहतर बनाएं और स्वच्छता का भीसंदेश दें गौर तलब होकिजब से कार्यपालक पदाधिकारी। प्रशासक के रूप में इन्होंने प्रभार ग्रहण किया है उसे समय से बेहतर कर प्रणाली है चाईबासा नगर परिषद की पहचान बनी है नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने भी चाईबासा मुख्यालय में बेहतर कार्य को काफी सराहा है और संतोषजनक बताया है इस स्वच्छता और सफाई अभियान में पूरा चाईबासा नगर परिषद परिवार भी बढ़ चढ़कर अपनी जवाब देही और कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है जो निश्चित तौर पर बेहतर कार्य प्रणाली का सूचक है।

## देवघर में जल्द शुरू होगी क्रिटिकल केयर यूनिट की सुविधा, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

**संवाददाता**

**देवघर** : जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार समेत जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। देवघर को मेडिकल हब बनाने की दिशा में केंद्र सरकार पहले ही एम्स की स्थापना कर चुकी है। अब जिले के सदर अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरूआत होने जा रही है।

एक ही भवन में सभी जांच की सुविधा

सदर अस्पताल में बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट के भवन के बारे में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ। युगल किशोर चौधरी ने बताया कि अगले दो से तीन महीने में भवन का हैंडओवर कर दिया जाएगा। इसके बाद यूनिट को शुरू करने की तैयारी की जाएगी। क्रिटिकल केयर यूनिट में मरीजों को स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (रठउव), इंटेंसिव केयर यूनिट , मॉड्यूलर ओटी और तमाम आधुनिक जांच की सुविधा एक ही भवन में उपलब्ध होगी। इससे न सिर्फ देवघर बल्कि संथाल के दूसरे जिलों के मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

भवन हैंडओवर के बाद राज्य सरकार से मैन पावर की भर्ती के लिए पत्र लिखा जाएगा। यदि सब कुछ तय समय पर पूरा होता है तो उम्मीद है कि अगले साल की पहली तिमाही तक देवघर में क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरूआत हो जाएगीः डॉ। युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन

स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र की ओर अग्रसर है देवघर गौरतलब है कि देवघर संथाल प्रमंडल का सबसे महत्वपूर्ण जिला है। यहां पहले से एम्स जैसे बड़े संस्थान की स्थापना की जा चुकी है। अब सदर अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू होने से यह क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।



## एटीएम कार्ड मशीन में फंसा, ठग ने लगा दिया 1।80 लाख का चूना

**धनबाद** : एटीएम कार्ड बिग बाजार के पास स्थित एटीएम में डाला तो कार्ड फंस गया। पास खड़े एक युवक ने गार्ड को बुला कर लाने को कहा। जब कार्डधारक गार्ड को खोजने निकले तो युवक कार्ड सहित फरार हो गया। थोड़ी देर में कार्ड से 50 हजार रुपए की निकासी और एक लाख 30 हजार 606 रुपए की अलग-अलग जगहों से खरीदारी हो गई। घटना 19 सितंबर की है। भुक्तभोगी सरायढेला बगुला बस्ती ड्रिम सिटी निवासी राम निवासी पांडेय ने मामले की शिकायत सरायढेला थाना में की है। पुलिस को दिए आवेदन में राम निवास ने एटीएम के पास खड़े युवक पर शक जाहिर किया।

उन्होंने बताया कि स्टील गेट गुप्ता मार्केट स्थित एसबीआई एटीएम से पांच किस्तों में 50 हजार रुपए निकाले गए हैं। उनके कार्ड से हीरापुर और सिटी सेंटर स्थित दुकानों से खरीदारी की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## रोजी-रोजगार बंद कराने में व्यस्त जनप्रतिनिधि, जनमुद्दों पर खामोश : सुभाष यादव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा** : राजद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने कोडरमा में बनी फोरलेन सड़क की जर्जर हालत पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उद्घाटन के महज छह माह बाद ही सड़क जगह-जगह धंसने लगी है। रेलवे ओवरब्रिज के समीप तो सड़क धंस चुकी है, कई हिस्सों में डिवाइडर तक नहीं बने हैं। श्री यादव ने कहा कि जनता के पैसों से बनी यह सड़क लापरवाही की भेंट चढ़ी है, जबकि गडकरी खुद कहते हैं कि पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सांसद पर आरोप लगाया कि वह जनमुद्दों से बेखबर हैं और श्मशान घाट की जमीन पर दखल एवं रोजी-रोजगार बंद कराने में जुटी हैं। जेजे कॉलेज से



रजौली तक दूसरे चरण की सड़क निर्माण योजना वर्षों से ठंडे बस्ते में है। यादव ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब सड़क वाइल्डलाइफ सेंचुरी क्षेत्र से बाहर जाएगी और इसके शीघ्र निर्माण की उम्मीद है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठ का मुद्दा महज जुमलेबाजी है, जबकि 11 साल से बॉर्डर की सुरक्षा भाजपा सरकार के हाथों में है।

## पटमदा में सड़क दुघर्टना के विरोध में बाईपास की सभी सड़कें बंद

### स्कूली बच्चों समेत हर वर्ग के लोग परेशान

**संवाददाता**

**पटमदा** : पटमदा के जलडहर में पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुघर्टना में एक बाइक सवार युवक को बालू लदे हाइवा ने सुबह सवा 7 बजे रौंद दिया। इसके बाद युवक की मौत आक्रोशित लोगों ने टाटा -पटमदा मुख्य सड़क को सुबह 8 बजे से जाम कर दिया। इससे यातायात काफी प्रभावित हुआ। कुछ यात्री बसों का आवागमन भुईयांसिनान से भूला रोड होते हुए हो रहा है लेकिन पटमदा की बेलटांड़ - जोड़सा रोड, बेलटांड़-रघुनाथपुर मुख्य सड़क, जलडहर, गाड़ीग्राम समेत आसपास की सभी सड़कों को ग्रामीणों द्वारा जाम किए जाने से स्कूली बच्चों समेत अन्य लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आक्रोशित ग्रामीण 10 लाख रुपए का मुआवजा मांग रहे हैं और गाड़ी मालिक की ओर से भेजे गए प्रतिनिधि पटमदा थाना में बैठक कर रहे हैं। लावा पंचायत के मुखिया कानूराम बेसरा ने बताया कि मुआवजा मामले में गाड़ी मालिक चौका निवासी मिथुन सोरेन के प्रतिनिधि की



ओर से किसी तरह की सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से आंदोलन खत्म नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि गाड़ी मालिक की प्रतीक्षा की जा रही है और उनके साथ वार्ता के बाद ही जाम खत्म हो सकता है। घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में महिला - पुरुष लाठी डंडे के साथ मौजूद हैं और बाइक सवार को भी रोक रहे हैं। मौके पर मौजूद पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब हो कि मृतक गंगासागर टुडू दो भाइयों में बड़े थे और उनके माता -पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है और दोनों भाई साथ में रहते थे। मृतक अविवाहित थे और उनकी मौत से छोटे भाई हेमसागर दहाड़ मारकर रो रहे थे।